विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 112 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 22 जनवरी 2025 डाक 23 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


**विविधा**

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पर नाव की सवारी का आनंद ले रहे हैं




**देश-विदेश**

इस बार सूर्य महल में होगा जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल, मुगल टेंट बना फूड क्षेत्र



**फीचर**

त्वचा की देखभाल करने में मदद कर सकता है चकोतरा, जानिए इस्तेमाल करने के तरीके



# बीजेपी ने पंजाबियों और सिख समाज का किया अपमान, केजरीवाल बोले- माफी मांगें अमित शाह

**नईदिल्ली, 22 जनवरी [एजेंसी]।**



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा पर हमला बोला है। दिल्ली में पंजाब की गाड़ियां घूमने के भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के आरोप पर केजरीवाल ने प्रतिक्रिया दी है। आप संयोजक ने बीजेपी पर पंजाबियों और सिख समाज का अपमान करने का आरोप लगाया है और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से पंजाबियों से मांगी मांगने की मांग की है। उन्होंने कहा, भाजपा के नई दिल्ली से प्रत्याशी प्रवेश वर्मा ने पंजाबियों पर जो आरोप लगाया है, बहुत ही निंदनीय है। मैं कहना चाहता हूं कि क्या उन्हें पंजाब के लोगों से डर है, क्या सारे पंजाबी आतंकवादी हैं। पंजाबियों ने दिल्ली को बनाया है दिल्ली को संवारा है। वह कैसे पंजाबियों के खिलाफ कोई बयान दे सकते हैं। केजरीवाल ने मांग की कि इस मामले में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पंजाबियों से माफी मांगनी चाहिए। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, किसी भी राजनीतिक दल का प्रत्याशी हिंसा पर तब उतारू होता है जब उसे लगता है वह बुरी तरह हार रहा है और जनता उसकी बात नहीं सुन रही है।

भाजपा भी दिल्ली में यही कर रही है जनता सब देख रही है। भाजपा दिल्ली में गुंडागर्दी कर रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का उसे संरक्षण प्राप्त है। दिल्ली में कानून व्यवस्था से पुलिस को हटा लिया गया है। आप संयोजक ने कहा, दिल्ली में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। भाजपा का उस पर कोई ध्यान नहीं है। पूरी दिल्ली पुलिस भाजपा को संरक्षण देने में लगी हुई है। केजरीवाल ने दावा किया कि मेरी कुछ थानाध्यक्षों से बात हुई है। उन्होंने बताया है कि भाजपा को संरक्षण देने के लिए सीधे उनके पास गृह मंत्रालय से संदेश आ रहे हैं कि कहां-कहां पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों की बैठकें निरस्त करनी है या उन्हें अनुमति नहीं देनी है।उन्होंने आगे कहा, भाजपा वाले जितनी गुंडागर्दी कर रहे हैं उतने ही इनको वोट कम होंगे। 2015 में इन्होंने जो तीन सीट जीती थी उतनी भी इनको नहीं मिलेंगी। जिन-जिन लोगों के खिलाफ आतिशी ने कहा है इन सब को गिरफ्तार किया जाना चाहिए, इन पर कार्रवाई होनी चाहिए, चुनाव तक इनको जेल में रखा जाए। इसी कड़ी में कालकाजी सीट से चुनाव लड़ रही मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, बिधूड़ी के लोग विधानसभा क्षेत्र के हर इलाके में आम आदमी पार्टी के लोगों से प्रचार सामग्री छीन ले रहे हैं और उसे जला दे रहे हैं। इस तरीके की घटनाएं सभी इलाकों से में हो रही हैं। मगर प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

## सांसद चंद्रशेखर आजाद सेंट्रल जेल पहुंचे, समर्थकों का भी जमवड़ा



**रायपुर 22 जनवरी।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर राजधानी रायपुर के सेंट्रल जेल पहुंचे हुए हैं। यहां वे बलौदा बजार हिंसा के आरोपियों से मिलने पहुंचे हैं। चन्द्रशेखर के साथ उनके समर्थक भी बड़ी संख्या में जेल पहुँचे हैं। सांसद चंद्रशेखर बलौदा बाजार घटना के मामले के आरोपी कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव सहित अन्य से मुलाकात कर रहे हैं। पुलिस ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए जेल के मुख्य द्वार को बंद कर दिया है। जेल प्रहरियों के अलावा जिला पुलिस के अधिकारी भी जेल परिसर में तैनात किए गए हैं। बलौदाबाजार में 10 जून को सतनामी समाज के धार्मिक स्थल को नुकसान पहुंचाने को लेकर बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। उग्र भीड़ ने कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय तक को फूंक दिया था। इस मामले को लेकर विधायक देवेंद्र यादव को भी गिरफ्तार किया गया। विधायक देवेंद्र यादव पर प्रदर्शन के दौरान भीड़ को भड़काने का आरोप लगा है। इस मामले में पुलिस ने उन्हें नोटिस जारी किया था। लेकिन, एक बार पुलिस के समक्ष पेश होने के बाद विधायक देवेंद्र यादव दुबारा पेश नहीं हुए। बलौदाबाजार हिंसा मामले में देवेंद्र यादव को लगातार नोटिस जारी किया गया था। तीसरी बार नोटिस जारी होने के बाद विधायक ने बयान देने जाने से मना किया। उन्होंने कहा था कि पुलिस को जो भी बयान लेना है, उनके पास आए और लेकर जाए।

## गरियाबंद मुठभेड़, अभी भी जंगल में रूक-रूक कर फायरिंग, नक्सलियों के शव लाए गए रायपुर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी भी जारी है। अब तक इस एनकाउंटर में 20 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। 14 नक्सलियों के शव बरामद कर लिया गया है। मौके से भारी संख्या में हथियार बरामद किया गया है। मारे गए नक्सलियों में 1 करोड़ का इनामी जयराम उर्फ चलपति सहित कई हार्डकोर नक्सली शामिल है। छत्तीसगढ़ में पहली बार ऐसा हुआ जब जवानों ने सेंट्रल कमेटी मेंबर को मार गिराया है। इनामी जयराम उर्फ चलपति नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी का सदस्य था। इधर जवानों को मिली सफलता पर सीएम साय और गृहमंत्री विजय शर्मा ने बधाई दी है। मुठभेड़ में मारे गए सभी 14 नक्सलियों के शव रायपुर लाया गया है। सभी शवों को सुबह 5 बजे रायपुर लाया गया। सभी नक्सलियों के शवों का पीएम कराने मेकाहारा मर्चुरी में रखा गया है।

## श्रीलंका ने 41 भारतीय मछुआरों को किया रिहा, स्वदेश लौटे

**चेन्नई।** श्रीलंका ने 41 भारतीय मछुआरे को किया रिहा कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि तमिलनाडु के 41 मछुआरे चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका की नौसेना ने इन मछुआरों को 8 सितंबर, 2024 को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा रिहा किए जाने के बाद मछुआरे मंगलवार देर रात चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंचे। तमिलनाडु तटीय पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 41 मछुआरों में से 35 रामनाथपुरम के निवासी हैं, नागपट्टिनम और पुदुकोट्टई जिलों के रहने वाले हैं।

स्वदेश लौटने पर मछुआरों को नागरिकता सत्यापन, सीमा शुल्क जांच और अन्य औपचारिकताओं से गुजरना पड़ा। तमिलनाडु मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने मछुआरों का स्वागत किया और अलग-अलग वाहनों में उनके गृहनगरों तक परिवहन की व्यवस्था की। इससे पहले श्रीलंका ने तमिलनाडु के 15 मछुआरों के एक समूह को रिहा किया था, जो 16 जनवरी को चेन्नई पहुंचे थे।

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर, कई हथियार बरामद

**बोकारो, 22 जनवरी [एजेंसी]।**

झारखंड के बोकारो जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया। नक्सलियों के शवों के पास से एक एके-47 राइफल समेत कई हथियार बरामद किए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खुफिया जानकारी के आधार पर झारखंड पुलिस और सुरक्षाबलों ने बोकारो जिले में तेजनारायणपुर थाना क्षेत्र के जंगलों में संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान बुधवार तड़के नक्सलियों ने जब खुद को सुरक्षाबलों से घिरा देखा तो उन्होंने उनपर फायरिंग कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई शुरू की। दोनों तरफ से काफी देर तक फायरिंग हुई। इसके बाद मुठभेड़ स्थल से एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। सुरक्षाबलों ने मौके से एके-47 राइफल, दो इंसास राइफल समेत कई हथियार बरामद किए हैं।



हालांकि, कुछ नक्सली घने जंगलों को फायदा उठाकर मौके से भाग गए। शुरुआती जांच में मारे गए नक्सलियों की पहचान एरिया कमांडर शांति और मनोज के रूप में हुई है। फिलहाल, घटनास्थल पर बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मियों के घायल होने की भी खबर है, लेकिन इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है।

## अमेरिका में भारत का जलवा, दिया खास सम्मान ट्रंप के मंत्री ने जयशंकर के साथ की पहली बैठक



**वाशिंगटन, 22 जनवरी [एजेंसी]।**

नए ट्रंप प्रशासन के कार्यभार संभालने के बाद वाशिंगटन द्वारा भारत को दिए जाने वाले महत्व को दर्शाते हुए, अमेरिकी विदेश मंत्री मारो रुबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ज़ ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ अपनी पहली द्विपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय बैठकें कीं।विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिकी सरकार के निमंत्रण पर अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए वाशिंगटन में हैं। दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले दो शीर्ष राजनयिकों के बीच यह बैठक अमेरिकी विदेश विभाग के फॉगी बॉटम मुख्यालय में हुई। द्विपक्षीय बैठक से पहले डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली क्वाड मंत्रिस्तरीय बैठक हुई।मार्को रुबियो का भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक करने का निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि किसी भी पिछले नए अमेरिकी प्रशासन की पहली विदेश यात्रा परंपरागत रूप से अपने दो पड़ोसियों कनाडा और मैक्सिको या अपने नाटो सहयोगियों में से किसी एक के साथ होती रही है। नए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और डॉ. जयशंकर के बीच द्विपक्षीय बैठक पूर्व विदेश मंत्री के आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण करने के एक घंटे से भी कम समय बाद हुई है।

दोनों नेताओं ने व्यापक चर्चा की, जिसके दौरान उन्होंने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के संपूर्ण पहलुओं पर गहन चर्चा की। एक घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा भी शामिल थे।बैठक के तुरंत बाद, विदेश मंत्री रुबियो और डॉ. जयशंकर अंतर्राष्ट्रीय प्रेस के समक्ष संयुक्त रूप से उपस्थित हुए, जहां उन्होंने हाथ मिलाया और आधिकारिक तस्वीरों के लिए पोज दिए। डॉ. जयशंकर ने बैठक के तुरंत बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद @secrubio से उनकी पहली द्विपक्षीय बैठक में मिलकर प्रसन्नता हुई।

## रियल एस्टेट कारोबारी को थप्पड़ मारने वाले बीजेपी सांसद

**तेलंगाना।** हैदराबाद में लोगों की जमीन पर कब्जा कर पैसे मांगने की धमकी देने वाले एक रियल एस्टेट कारोबारी को बीजेपी सांसद एटाला राजेंदर द्वारा अचानक थप्पड़ मारने की घटना ने काफी हलचल पैदा कर दी है। एकसिलानगर, पुचाराम, तेलंगाना के आईटी कॉरिडोर में स्थित है। 1985 में सरकारी क्षेत्र में कार्यरत 2,976 कर्मचारियों ने 149 एकड़ जमीन खरीदी थी, उस समय एक एकड़ जमीन 10 हजार रुपये में बेची गयी थी। परन्तु वह स्थान जहाँ भूमि स्थित थी वह जंगली भूमि थी। यह शहर से थोड़ा दूर भी था। डकैतियों के डर से कोई वहाँ नहीं बसा।

## रेलवे क्लेम घोटाले में ईडी की ताबड़तोड़ छापामारी पटना, नालंदा समेत 5 ठिकानों पर बोला धावा

**पटना, 22 जनवरी [एजेंसी]।**

रेलवे क्लेम घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार की सुबह से पटना,नालन्दा और मैंगलूर समेत पांच स्थानों पर अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया है। रेलवे के कर्मचारियों के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे करीब 100 करोड़ से अधिक से जुड़ा है घोटाला। ईडी इस मामले में कई न्यायिक अधिकारियों, वकीलों और सरकारी कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर रही है। खासकर, रेलवे न्यायिक अधिकारी रहे आर.के. मित्तल और वकील बी.एन. सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की गई है। उल्लेखनीय है कि आर.के. मित्तल को कुछ साल पहले भ्रष्टाचार के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया था। रेलवे में हुए करोड़ो के इस घोटाले में सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन न्यायमूर्ति रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति उदय यू. ललित की पीठ के निर्देश पर सीबीआइ ने यह मामला दर्ज किया था। माना जा रहा है कि इस घोटाले में रेलवे कर्मचारियों के नाम पर फर्जी दावे दाखिल किए गए थे और फिर उन दावों के आधार पर बड़ी रकम हड़पी गई थी। इस पूरे रैकेट में कई लोगों की मिलीभगत थी।




सूत्रों की माने तो एक-एक व्यक्ति के नाम पर चार-चार बार धन की उगाही की गई। मामला वर्ष 2015-2018 के बीच का है। सीबीआई की कार्रवाई को आधार बनाकर प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले की जांच शुरू की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारत सरकार की एक प्रमुख जांच एजेंसी है, जो आर्थिक अपराधों और वित्तीय अनियमितताओं की जांच करने के लिए जिम्मेदार है। बता दें कि ईडी अलग-अलग मामलों में बिहार में लगातार धावा बोल रही है। हाल में ही महुआ ग्रुप ऑफ कंपनी पर ईडी ने शिकंजा कसते हुए उसके संचालक को गिरफ्तार कर लिया।

## मैं चाहता हूं इंजीनियर, वेटर... एच-1 बी वीजा पर भारतीयों के लिए खुशखबरी, राष्ट्रपति बनते ही ट्रंप का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा को लेकर रुख साफ कर दिया। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने जन्मसिद्ध अधिकार पर रोक लगाने और अप्रवासियों को वापस उनके देश भेजने सहित कई फैसले लिए। आशंका जताई जा रही थी कि एच-1बीवीजा को लेकर भी ट्रंप कोई फैसला ले सकते हैं। हालांकि, एच-1बी वीजा को लेकर ट्रंप की बात ने भारतीयों को राहत पहुंचाई है। मंगलवार को व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप से एच-1बी वीजा पर सवाल पूछा गया।



उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि काबिल लोग अमेरिका आएं। मैंने खुद भी इस प्रोग्राम का इस्तेमाल किया है, ऐसे में मैं इसे रोकना नहीं चाहता हूं। ट्रंप ने आगे कहा कि मैं चाहता हूं कि सक्षम लोग हमारे देश में आएं। मैं सिर्फ इंजीनियरों की बात नहीं कर रहा हूं। मैं सभी स्तर के लोगों की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि ओरेकल के सीटीओ लैरी एलिसन को इंजीनियर की जरूरत है। नासा को भी इंजीनियर की जरूरत है। ऐसे में मैं काबिल लोगों का अमेरिका में स्वागत करता हूं। कुछ दिनों पहले टेस्ला के सीईओ ने भी एच-1बी वीजा की वकालत की थी। हालांकि, ट्रंप के कई समर्थकों का मानना है कि विदेशों से आए लोगों की वजह से अमेरिका के नागरिकों को नौकरी नहीं मिल रही। भारतीय पेशेवरों को इस एच-1बी वीजा से बहुत फायदा मिलता है और इसकी वजह से ही लाखों भारतीय अमेरिका में काम कर रहे हैं। हाल ही में जानकारी सामने आई थी कि एच-1बी वीजा नियमों में बदलाव होने जा रहे हैं।

## दरभंगा के दिल्ली मोड़ बस स्टैंड में भीषण आग, 5 से अधिक बसें जलकर राख



**दरभंगा, 22 जनवरी ।**

सदर थाना क्षेत्र के दिल्ली मोड़ बस स्टैंड परिसर में कल की रात करीब 2.30 बजे भीषण आग लग गई। इससे बस स्टैंड परिसर में करीब तीन घंटे तक चालकों और अन्य लोगों में अफरातफरी मची रही।सूचना पर पहुंची मब्बी और सदर थाने की पुलिस एवं अग्निशमन दस्ता की टीम ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। तबतक एक लाइन में खड़ी शिवगंगा कंपनी की तीन चालू और दो खराब बसें जलकर राख हो गई। आग पर काबू पाने में अग्निशमन की छोटी बड़ी आठ गाड़ियों को लगाया गया था। अगलगी के कारणों की छानबीन की जा रही है।

## कर्नाटक में दो अलग-अलग सड़क हादसों में गई 14 लोगों की जान, 25 घायल



**यल्लापुरा।** कर्नाटक के रायचूर और यल्लापुरा से एक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। रायचूर में एक वाहन के पलटने से तीन छात्रों समेत चार लोगों की मौत हो गई और दस अन्य लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सिंधनूर पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया। साथ ही शवों को शवगृह में और घायलों को अस्पताल पहुंचा गया। सिंधनूर ट्रैफिक पुलिस स्टेशन ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।यह वाहन मंत्रालय संस्कृत पाठशाला के छात्रों को ले जा रहा था जो नरहरि मंदिर में पूजा करने के लिए हम्पी की तीर्थयात्रा पर थे। पुलिस ने बताया कि हादसा सिंधनूर में अरागिनमारा कैंप के पास हुआ। मृत छात्रों की पहचान आर्यवंदन (18), सुचींद्र (22) और अभिलाष (20) के रूप में हुई है। इस हादसे में ड्राइवर शिवा (24) की भी जान चली गई। 10 घायल लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं बताया जा रहा है यल्लापुरा एक ट्रक में सुबह 50 मीटर गहरी घाटी में गिर गया। उत्तर कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक एम नारायण ने कहा कि वे सावनूर-हुबली रोड पर यात्रा कर रहे थे जब एक जंगली इलाके में दुर्घटना हुई। नारायण ने पीटीआई-भाषा को बताया, सुबह करीब साढ़े पांच बजे ट्रक चालक दूसरे वाहन को साइड देने के चक्कर में एकदम बायीं ओर चला गया और करीब 50 मीटर गहरी घाटी में गिर गया। उन्होंने कहा कि घाटी में सड़क पर कोई सुरक्षा दीवार नहीं है।


डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
MENS LADIES KIDS ETHENIC
New Wedding Collection
Sherwani | Blazer
Coatsuit | IndoWestern
Up to 50% Discount
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथैरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथैरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# मतदान प्रक्रिया के संबंध मेंसेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशानिर्देशन में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत ई.व्ही.एम. तथा मतपत्र से मतदान कराने, मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मतदान दलों के रवाना होने से लेकर मतदान प्रक्रिया, सीलिंग प्रक्रिया, मतगणना के संबंध में सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। जिसमें निर्वाचन अधिकारी और सेक्टर ऑफिसर्स सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स श्री कामता जायसवाल और श्री जय देवांगन द्वारा आज एक दिवसीय प्रशिक्षण में मतदान दिनांक से पूर्व संवेदनशील मतदान केंद्र की जानकारी रखने के साथ रूट चार्ट तैयार करने के साथ ईवीएम मशीन के संचालन के संबंध में बताया गया। उन्होंने नगरीय निकाय चुनाव में ईव्हीएम तथा पंचायत चुनाव में मतपत्र के माध्यम से चुनाव संपादित होने की जानकारी देते हुए सेक्टर अधिकारियों को संबंधित



मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था और मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में निर्वाचन कार्य हेतु सामग्रियों का वितरण और वापसी की प्रक्रिया, आवश्यक प्रपत्रों के साथ सामग्रियों के सम्बंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन(मतदान) दिवस में रिपोर्टिंग, मॉक पोल, वास्तविक पोल, प्रत्येक दो घण्टे में मतदान प्रतिशत की जानकारी के साथ ही आदर्श आचार संहिता के दौरान किए जाने वाले कार्य एवं मॉनीटरिंग के विषय में जिला स्तरीय मास्टर्स टेनर्स द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मतदान केन्द्रवार चुनाव संबंधी सामग्री वितरण, मतदान दल का मतदान केन्द्र पर पहुंचना, मतदान प्रारंभ होने के साथ ही संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को रिर्पोटिंग करना, निर्धारित प्रपत्रों को सही तरीके से भरना, चुनाव कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को अपने शासकीय दायित्वों का सक्रियता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सेक्टर अधिकारियों को संबंधित मतदान केन्द्रों की जानकारी रखते हुए मतदान केन्द्र तक पहुंचने के मार्ग, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, रेम्प, फर्नीचर आदि की व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिए गये। सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आचार संहिता का पालन करने के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी, मनोज बंजारे आदि उपस्थित थे।

## नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने एमसीसी समिति गठित

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 कर लिए कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही जिले में आदर्श आचरण सहिंता प्रभावशील हो चुकी है। नगरीय निकाय/ त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव 2025 के संदर्भ में प्रत्याशी राजनैतिक दल, शासकीय अधिकारी/कर्मचारी तथा अन्य हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी 2025 को जारी आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न अधिकारियों को उनके क्षेत्र अंतर्गत कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु मॉडल कोड आफ कंडक्ट (एमसीसी) समिति का गठन किया है। जिसके अंतर्गत कोरबा नगर निगम क्षेत्र हेतु गठित मॉडल कोड आफ कंडक्ट (एमसीसी) समिति में आयुक्त नगर निगम कोरबा को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी गई है। साथ ही सदस्य के रूप में अनुविभागीय अधिकारी कोरबा, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल, संबंधित क्षेत्र के जोन कमिश्नर, नगर पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी सदस्य के रूप में समिति में शामिल हैं।

इसी प्रकार नगर पालिका परिषद कटघोरा, दीपका, बांकीमोंगरा, नगर पंचायत पाली व छुरीकला हेतु गठित एमसीसी समिति के अंतर्गत सम्बंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी को अध्यक्ष एवं सम्बंधित क्षेत्र के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल, नगर पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं प्रभारी अधिकारी सर्व संबंधित विभाग को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायतो के आम निर्वाचन के दौरान जनपद क्षेत्र कोरबा, करतला, कटघोरा, पाली एवं पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में आदर्श आचार सहिंता के पालन कराने हेतु एमसीसी समिति का गठन कर सम्बंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही सम्बंधित क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, नगर पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं प्रभारी अधिकारी सर्व संबंधित विभाग को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।उक्त समिति निर्वाचन घोषणा के उपरांत प्रति 03 दिन में आवश्यकता अनुसार बैठक कर क्षेत्र में आदर्श आचार सहिंता का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

### नगर पालिका आम निर्वाचन 2025

## रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगर पालिका आम निर्वाचन 2025 हेतु रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किये गये है। नगर निगम कोरबा के लिए संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 1 से 13 तक के लिये अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोरबा सरोज महिलांगे, वार्ड क्रमांक 14 से 26 तक के लिये डिप्टी कलेक्टर कोरबा शशिकांत कुर्रे, वार्ड क्रमांक 27 से 39 तक के लिये अधीक्षक भू-अभिलेख अमित झा, वार्ड क्रमांक 40 से 53 तक के लिये तहसीलदार बरपाली अभिजीत राजभानू और वार्ड क्रमांक 54 से 67 तक के लिये सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख कोरबा संदीप गुप्ता को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किये गये है।

इसी प्रकार नगर पालिका परिषद् दीपका के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पोड़ीउपरोड़ा, तुलाराम भारद्वाज को रिटर्निंग ऑफिसर एवं वार्ड क्रमांक 1 से 10 तक के लिये तहसीलदार दीपका अमित केरकेट्टा और वार्ड क्रमांक 11 से 21 तक के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् दीपका राजेश गुप्ता को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर पालिका परिषद बांकीमोगरा के लिए संयुक्त कलेक्टर कौशल प्रसाद तेंदुलकर को रिटर्निंग आफिसर एवं वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के लिये नायब तहसीलदार दीपका बंदेराम भगत और वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योत्सना टोप्पो को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। नगर पालिका परिषद् कटघोरा के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा, रोहित कुमार सिंह को रिटर्निंग ऑफिसर एवं वार्ड क्रमांक 1 से 8 तक के लिये अति. तहसीलदार कटघोरा श्रीमती प्रियंका चंद्रा और वार्ड क्रमांक 9 से 15 तक के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् कटघोरा ज्ञानपुंज कुलमित्र को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत पाली के लिये अनुविभागीय अधिकारी पाली श्रीमती सीमा पात्रे को रिटर्निंग आफिसर एवं वार्ड क्रमांक 1 से 8 तक के लिये तहसीलदार हरदीबाजार विष्णु पैकरा और वार्ड क्रमांक 9 से 15 तक के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पाली पुर्णेन्दु तिवारी को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। और नगर पंचायत छुरीकला के लिये तहसीलदार दर्री मनहरण सिंह राठिया को रिटर्निंग ऑफिसर एवं वार्ड क्रमांक 1 से 8 तक के लिये नायब तहसीलदार कोरबा दीपक पटेल तथा वार्ड क्रमांक 9 से 15 तक के लिये मुख्य नगर पालिकारी अधिकारी नगर पंचायत छुरीकला दिपांकर यादव को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

## जिले में धारा 163 लागू

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं भयमुक्त वातावरण में मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग करने के दृष्टिगत जिले में धारा 163 लागू कर दी है तथा अस्त्र-शस्त्र धारण करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के दौरान चुनाव प्रक्रिया में असामाजिक तत्वों द्वारा भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित कर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव में बाधा खड़ी न की जा सके तथा मतदाताओं में किसी भी प्रकार का भय पैदा न हो एवं वे भयमुक्त वातावरण में निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने एक आदेश जारी कर 20 जनवरी 2025 से जिले में धारा 163 लागू कर दी है तथा आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छुरी, कुल्हाड़ी, गुप्ती, त्रिशूल, खुकरा, सांग एवं बल्लम अथवा अन्य अस्त्र शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा। जो व्यक्ति शासकीय कर्तव्य पर है वे ड्यूटी के दौरान अस्त्र शस्त्र धारण कर सकेगा। यह आदेश आदर्श आचार संहिता प्रभावशील रहने की अवधि तक प्रभावशील रहेगी।

## नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव की तैयारी के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न

**कोरबा ।** आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रभारी कलेक्टर श्री आशुतोष पांडेय और नगर निगम आयुक्त कोरबा की अध्यक्षता में आगामी स्थानीय निर्वाचन और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा की।बैठक में प्रत्याशियों के लिए अनिवार्य दस्तावेज, अनापत्ति प्रमाण पत्र, मतगणना स्थल की व्यवस्था, मतगणना पूर्व माकपोल के प्रावधान, जनसभा और आम सभा की अनुमति, तथा चुनाव प्रचार के लिए ध्वनि यंत्रों के उपयोग संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने इस दौरान कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। प्रभारी कलेक्टर श्री आशुतोष पांडेय ने सभी राजनीतिक दलों से सहयोग और समन्वय की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन का लक्ष्य चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण बनाना है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने का आश्वासन दिया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग, निर्वाचन नोडल अधिकारी श्री मनोज बंजारे अपर कलेक्टर, उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा सिंह, सहायक नोडल अधिकारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने चुनाव को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निषेध

**कोरबा ।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के दौरान कोलाहल विहीन वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी कर कोरबा जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के निर्वाचन कार्य समाप्ति तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को निषेध कर दिया है।

## अधिकारी एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित

**कोरबा ।** नगर निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम चुनाव 2025 संपन्न कराये जाने की घोषणा कर दी गई है तथा निर्वाचन की घोषणा तिथि से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है, निर्वाचन समाप्ति तक लागू रहेंगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जिले के समस्त शासकीय और अर्द्धशासकीय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश को प्रतिबंधित किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में पदस्थ कोई भी अधिकारी कर्मचारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी के अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं कर सकेंगे। निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान जिले में पदस्थ किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा बिना अनुमति के अवकाश पर जाने या मुख्यालय छोड़ने पर संबंधित जिला प्रमुख या नियंत्रणकर्ता अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे और उनके विरूद्ध भी शासकीय नियमों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

## समन्वय समिति के गठन के लिए कांग्रेस की कल बैठक

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं शहर अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्रों के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया जाना है जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष-संयोजक, जिला प्रभारी-अध्यक्ष, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व महापौर, पूर्व सभापति, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्षगण, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गण मोर्चा संगठन के अध्यक्ष गण, नगरीय निकाय हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक गण आदि समिति के सदस्य होंगे।

श्री जायसवाल ने बताया कि नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में समन्वय बनाकर जीतने योग्य दावेदारो का प्राथमिकता क्रम में सूची बनाकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करना है जिसके लिए टी पी नगर जिला कांग्रेस कार्यालय में दिनांक 23 जनवरी को दोपहर 03 बजे बैठक रखी गई है। बैठक में समस्त ब्लॉक अध्यक्ष गण समन्वय समिति के लिए सदस्यों का नाम व योग्य उम्मीदवारों की सूची के साथ समय पर उपस्थित होने आग्रह हैं।

# बीकानेर गेवरा रोड तक ट्रेन चलाने उठी राजस्थान से मांग

## नींद में है कोरबा के नेता और बिलासपुर के रेल अधिकारी

**कोरबा।** क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) के कोरबा व बिलासपुर के सदस्य और जनप्रतिनिधि कोरबा जिले के लोगों को रेल सुविधा देने के मामले में कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। जबकि इस मामले में बीकानेर डिवीजन का प्रतिनिधित्व करने करने वाले समिति के सदस्य गंभीरता दिखाने में लगे हुए हैं। उनकी ओर से बीकानेर से गेवरा रोड तक नई ट्रेन चलाने के लिए जेडआरयूसीसी स्तर की बैठक में बात रखी गई। इन सदस्यों को जब भी मौका मिला है, रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों के समक्ष बीकानेर-कोरबा-बीकानेर के बीच नई गाड़ी चलाने का सुझाव रखते रहते हैं। इस मांग को बिलासपुर डिवीजन के अधिकारियों द्वारा तबज्जो नहीं दिए जाने के कारण आज तक यह गाड़ी पटरी पर नहीं आ सकी है। बावजूद इसके रेल -संघर्ष समिति कोरबा की इस मांग को बीकानेर डिवीजन से लगातार तवज्जो मिल रही है। इस बार 17 जनवरी को जयपुर में हुई जेडआरयूसीसी की बैठक में बीकानेर डिवीजन का प्रतिनिधित्व करने वाले समिति के सदस्य नरेश मित्तल व अनंतवीर जैन ने रखा है। उन्होंने अपनी मांग में नई गाड़ी को बीकानेर से कोरबा के बजाय बीकानेर से



गेवरारोड के बीच चलाने की मांग रखी है। बैठक की अध्यक्षता उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर जोन के महाप्रबंधकअमिताभ कर रहे थे। जिन्हें मित्तल व जैन ने बताया कि बीकानेर से बीकानेर से वाया रतनगढ़, चूरू, सीकर, जयपुर, गेवरारोड के लिए नई गाड़ी चलायी जाए। इससे दोनों ही दिशाओं के यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। साथ ही श्री खाटू श्याम के भक्त जिनकी संख्या छत्तीसगढ़ में अधिक है उनके लिए नई गाड़ी काफी सुविधानजक होगी।

यह मांग पहले भी होती रही है लेकिन तकनीकी कारणों से उसे अमल में नहीं लाया जा सका है। अफसरों ने हाथ पीछे खींचे बीकानेर डिवीजन के अधिकारियों का साथ ही जेडआरयूसीसी मेंबर्स की पहल पर उक्त मांग का प्रस्ताव जयपुर जोनल के अधिकारियों द्वारा आईआरटीटीसी (इंडियन रेलवे टाइमटेबल कमिटी) की वार्षिक बैठक में लाया गया था। लेकिन उक्त बैठक में शामिल होने पहुंचे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों ने उसे पिटलाइन व अन्य कारण बताकर परिचालन करने से हाथ पीछे खींच लिए थे। जिसके कारण अंतिम मुकाम में पहुंचने के बाद भी यह गाड़ी हाथ से निकल गई थी। अब इसे बीकानेर डिवीजन की ओर से गेवरारोड तक चलाने की प्रक्रिया तेज की गई है।

### जूलूस, आमसभा के लिए अनुमति जरूरी

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ होने से जुलूस निकालने व आम सभाओं को नियंत्रित करने हेतु संबंधित व्यक्ति अनुमति लेकर ही आम सभा करें या जुलूस निकालने का आदेश जारी किया गया है। जला दंडाधिकारी ने नगरीय क्षेत्र एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के निर्वाचन कार्य समाप्ति तक कोरबा जिले में कोई भी आम सभा या जुलूस संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के लिखित अनुमति बगैर नहीं निकालने का आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### शस्त्र लायसेंस निलंबित

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के कार्यक्रम की घोषणा कर निर्वाचन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराये जाने, आम शांति व्यवस्था कायम रखे जाने एवं लोक शांति की सुरक्षा की दृष्टिकोण से जिले में शस्त्रों के सभी अनुज्ञप्ति धारियों के अनुज्ञप्ति निर्वाचन कार्य समाप्ति तक के लिए आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17(3)(ख) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत निलंबित कर दिया गया है। जिले में शस्त्रों के सभी अनुज्ञप्ति धारियों को एतद् द्वारा इत्तिला दी गई है। वे तत्काल अपने शस्त्र अपने निकटतम थाने में उक्त अवधि अर्थात नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 की समाप्ति तक के लिए तत्काल प्रभाव से जमा कर देवें। यह आदेश जिले के अंदर कार्यरत मजिस्ट्रेट, पुलिस बल, अन्य शासकीय सुरक्षा बल तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों के लायसेंसधारी सुरक्षा गार्ड पर लागू नहीं होगा।

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कोरबा।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी होंगे तथा यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उक्त कंट्रोल रूम में स्थापित दूरभाष का क्रमांक 07759-221096 है।

## संस्कार भारती ने कटघोरा में किया भारत माता पूजन

**कोरबा।** जिले के कटघोरा संस्कार भारती द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत माता पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता की महाआरती के साथ किया गया। कार्यक्रम में कटघोरा नगर के सभी स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल ने बताया कि निश्चित ही हमारे जीवन को जीवन देने वाली हमारी माता होती है, व बाद में हम सभी मिट्टी में ही समाहित हो जाते हैं इसलिए हम सभी इस धरती मां को भारत मां के रूप में पूजते हैं। विधायक ने भारत माता मंदिर के निर्माण के लिए 10 लाख की सहायता देने की घोषणा की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की प्रस्तुति देकर स्कूली बच्चों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## नगर पालिक निगम कोरबा के महापौर एवं पार्षद के निर्वाचन लिए नाम निर्देशन की कार्यवाही हेतु स्थान निर्धारित

**कोरबा ।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 हेतु राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा समय-अनुसूची जारी होने पर नगर पालिक निगम कोरबा के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने, निक्षेप राशि प्राप्त करने, संवीक्षा, प्रतीक आबंटन तथा नाम वापसी की कार्यवाही एवं अन्य समस्त कार्यवाही संपन्न कराने में सहायता करने हेतु अधिकारी-कर्मचारियों की पदस्थगी कर दी गई है तथा 22 जनवरी से 31 जनवरी तक नाम निर्देशन की कार्यवाही हेतु कलेक्टोरेट कार्यालय में कक्ष निर्धारित कर दी गई है। जारी आदेशानुसार महापौर पद (वार्ड क्र. 01 से 67 तक) के लिए नाम निर्देशन की कार्यवाही के लिए अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 05 निर्धारित किया गया है। इसी तरह पार्षद पद वार्ड क्रमांक 01 से 13 तक के नाम निर्देशन के लिए नजूल न्यायालय कक्ष क्रमांक 13, वार्ड क्रमांक 14 से 26 तक के लिए सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष क्र. 23, वार्ड क्रमांक 27 से 39 तक के लिए कलेक्टर रीडर कक्ष, वार्ड क्रमांक 40 से 53 तक के लिए भूतल कक्ष क्रमांक 30 (स्थापना कक्ष) और वार्ड क्रमांक 54 से 67 तक पार्षद पद के नाम निर्देशन की कार्यवाही के लिए जिला पंचायत भूतल सभाकक्ष निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद दीपका में अध्यक्ष व पार्षद हेतु कार्यालय उप तहसील दीपका, कटघोरा नगर पालिका के अध्यक्ष व पार्षद हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा, बांकीमोंगरा अध्यक्ष व पार्षद हेतु कार्यालय नगर पंचायत बांकीमोंगरा, पाली अंतर्गत अध्यक्ष व पार्षद हेतु तहसील कार्यालय पाली एवं छुरीकला अंतर्गत अध्यक्ष व पार्षद हेतु कार्यालय नगर पंचायत छुरीकला को नामांकन स्थल निर्धारित किया गया है।

# अवंतीबाई शिक्षण संस्था के छात्रों ने बुका जलविहार को देखा

**कोरबा।** जिले के समीप कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत बांगो बांध क्षेत्र बूका हर मौसम मे पर्यटकों का मन मोहने वाला पसंद स्थान बनने के बाद प्रतिदिन सैकडों पर्यटक दूर दूर से पहुंच रहे है वहीं पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा अनेक सुविधा करायी गई है । बूका का वृहद दृश्य को देखने जिले सहित अन्य जिला खैरागढ़ ,बिलासपुर , जांजगीर चांपा रायगढ़ कवर्धा स्कूल एंव महाविद्यालय के छात्रों को पर्यटन भ्रमण के लिए यहाँ पहुच रहे है ।

पिछले दिनों जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई मे संचालित वीरांगना अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय के छात्र भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक प्रेम प्रताप नेताम के निवृत्त मे लगभग 60 छात्र छात्राओं के साथ छुरीकला पहुंच कर सभी छात्र टीम को बांगो बांध क्षेत्र के बूका का भ्रमण कराया गया छात्र बूका के विहंगम दृश्य



देखे और नौका विहार का आनंद लिए इसके अलावा कटघोरा के धार्मिक स्थल हनुमान गढ़ी , पिकनिक स्पाँट झोराघाट के मनोरम दृश्य देख छात्र छात्राओं का मन प्रफुल्लित हो उठा । इस दौरान महाविद्यालय के छात्र नगर के जमींदार महल निवास दिखाया गया तथा नगर मे कोसा बुनकरों द्वारा बनायें जा रहे कोसा कपडों का छात्राओं द्वारा अवलोकन किया गया । खैरागढ़ छुईखदान महाविद्यालय मे पदस्थ सहायक प्राध्यापक प्रेमप्रताप नेताम ने बूका का विंहगम दृश्य देख कहां ऐसा स्थान छत्तीसगढ़ मे कही देखने को नहीं मिलेगा यह स्वर्ग जैसा लग रहा है चारों ओर हरेभरे वृक्ष को देखकर मन को शांति और सुकून का अहसास कराता है । छात्र छात्राओं के भ्रमण कार्यक्रम को सफल बनाने मे नगर पंचायत क्षेत्र के समाज सेवक टेकचन्द अग्रवाल , कौशल देवांगन , बालगोविंद , और गोविंद नेताम पूर्व संरपच का योगदान सराहनीय रहा जिनके द्वारा छात्राओं के कडी सुरक्षा के साथ ठहरने एंव भोजन व्यवस्था की गई थी ।

### शासकीय विश्रामगृहों हेतु अनुविभागीय अधिकारी/रिटर्निंग ऑफिसर अधिकृत

**कोरबा ।** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 को ध्यान में रखते हुए जिले में स्थित सर्किट हाउस एवं लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, जल संसाधन विभाग के विश्राम गृहों के आरक्षण हेतु निर्वाचन की कार्यवाही समाप्ति होने तक संबंधित अनुविभागीय अधिकारी/रिटर्निंग ऑफिसर को अधिकृत किया गया है।

## बादल छंटा: दिन में तेज धूप तो रात में पड़ रही हैं ठंड



**जांजगीर।** इस सप्ताह मौसम सामान्य रहेगा। दिन में धूप तेज रहेगी। दिन के साथ ही रात में भी ठंड कम पड़ेगी। सोमवार से अधिक तापमान में बढ़ोतरी हो गई है। आसमान में बादल छंटते ही दिन के तापमान बढ़ गया है। वहीं, मंगलवार को अधिकतम 30 और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के आस पास रहा है।

दिन में तेज धूप और रात में पड़ रही ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के इस सप्ताह ठंड में कमी आएगी, लेकिन अगले सप्ताह फिर से तेज ठंड पड़ने के आसार हैं। फिलहाल मौसम साफ रहने वाले है। पिछले दो दिन से सुबह से मौसम साफ रहा। सुबह से धूप निकली, दोपहर में धूप की चमक बरकरार रही। हालांकि हवा चलने के कारण गर्मी कम महसूस हुई। अभी रात और सुबह के समय में ठंड का असर जरूर है। ठंड का असर धीरे-धीरे कम होने लगा है। बुधवार को मौसम शुष्क रहेगा। सुबह 8 बजे तक गर्म कपड़ों का है सहारा रविवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री था। इस वजह से रात में ठंड कम थी। हालांकि सुबह ठंड लोगों को परेशान किया। ठंड से बचने के लिए सुबह 8 बजे तक गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। सोमवार को मौसम ऐसा ही रहा। रात में गर्मी और सुबह-सुबह तेज ठंड महसूस हुई।

# हमें हौसलो में दम रखकर चुनाव जीतना हैः हरप्रसाद

### अड़भार नगर पंचायत के पर्यवेक्षक ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**अड़भार।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक हरप्रसाद साहू ने नगर पंचायत अड़भार मी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर चुनाव जीतने के लिए जोश भरा।

उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव होता है इस चुनाव में ज़्यादा से ज़्यादा वार्ड में पार्षद और अध्यक्ष के रूप कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाकर भाजपा की अराजक सरकार को जवाब देना है डा भीमराव अम्बेडकर के अपमान व पिछड़ा वर्गों के आरक्षण कटौती सहित किसानों की धान खरीदी में हुई पर्याप्त अव्यवस्था का हिसाब भी आम जनता इस चुनाव में भाजपा से माँगेगी इस अवसर पर श्रीमती रश्मि गबेल पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी जाँजगीर चाँपा ने कहा कि अड़भार नगर पंचायत में कांग्रेस की जीत हम सभी कार्यकर्ताओं की जीत होगी आपसी मनमुटाव को त्याग कर हमे एकरूपता के साथ चुनाव लड़ना है



इस अवसर पर श्रीमती कुसुम लता अजगले अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कहा कि विगत पाँच वर्ष में कांग्रेस सरकार में हुए अड़भार नगर पंचायत की विकास की गति को अनवरत बनाये रखने के लिए यह चुनाव जितना और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है ।

इस अवसर पर दिवाकर यादव सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी,अयोध्या भारद्वाज महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी,आंनद चंद्रा ज़ोन प्रभारी,रामलखन कटकवार सेक्टर प्रभारी ने भी संबोधित किया,संचालन कुसुम यादव महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी ने किया इस अवसर पर द्वारिका प्रसाद यादव पामगढ़,सन्नी यादव मालखरौदा,ज्योतिष गर्ग,सुनील लहरे,छोटे लाल यादव,कृष्ण रात्रे,घनश्याम टण्डन,देव आनंद जायसवाल,रुपेश लहरे,पंकज साहू, बबलू तंबोली,टंकेश्वर गबेल,गौरव यादव,हरि बरेठ,रामेश्वर नेताम,मुकेश राठौर आदि उपस्थित थे।

## 2 लाख से ज्यादा से की नगदी रकम पार की चोरों ने



**जांजगीर।** रायपुर में आयोजित सेमिनार में शामिल होने गए ग्रामीण के सूने घर में अज्ञात चोर पहुंचे और दरवाजे का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित 2 लाख 25 के सामानों की चोरी कर भाग निकले, इधर वारदात के बाद अब पुलिस चोरों की पतासाजी में जुटी है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र के करमंदा गांव का है।

पुलिस के अनुसार बलौदा थाना क्षेत्र के करमंदा निवासी रामखिलावन कुर्रे गांव में खेती किसानी और एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। कंपनी की ओर 17 जनवरी को रायपुर एक सेमिनार का आयोजन किया गया था। वह शाम 4 बजे अपने पत्नी व बच्चों के साथ घर पर ताला लगाकर जांजगीर में रहने वाले रिश्तेदार के यहां पहुंचा। यहां अपनी पत्नी व बच्चों को छोड़कर वह रायपुर में आयोजित सेमीनार में शामिल होने चल गया। दोपहर वह अपने परिवार के साथ गांव लौटा और गेट का ताला खोलकर अंदर घुसा तो उसके घर के दरवाजे में लगा ताला टूटा मिला।

जांच के दौरान आलमारी के लॉकर में रखा सोने का हार, कंगन, कान का बाली, नाक का फुली, मांग टीका लाकेट, मंगलसूत्र, झुमका, अंगूठी और चांदी का चाबी छल्ला, अंगूठी, पायल, करधन व 14000 रुपए सहित 2 लाख 25 हजार का सामान गायब मिला। इधर वारदात के बाद रामखिलावन कुर्रे थाना पहुंचा और उसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## बहू को दी यातना, पांच लोगों के विरूद्ध पुलिस ने अपराध दर्ज किया




**जांजगीर।** शादी के कुछ माह बाद ससुराल पक्ष के लिए आए दिन विवाहिता को दहेज में गाड़ी और रुपए देने की मांग करते हुए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे, इधर घटना के बाद पीड़िता थाना पहुंची और इसकी शिकायत पुलिस से की।

बहरहाल पुलिस ने मामले में आरोपी पति सहित 5 लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का अपराध दर्ज किया है। मामला जैजैपुर थाना क्षेत्र के आमनदुला गांव का है। पुलिस के अनुसार बम्हनीडीह थाना अंतर्गत कपस्दा निवासी सत्यप्रकाश कुर्रे की शादी सामाजिक रीति-रिवाज के साथ वर्ष 2021 में जैजैपुर थाना अंतर्गत बेलादुला में रहने वाली सुनीता कुर्रे के साथ ही हुई थी। शादी के कुछ महीने गुजरने के बाद सत्यप्रकाश उसके पिता बुद्धेश्वर, मां केवरा बाई, भाई राजेंद्र कुर्रे और भाभी शबाना कुर्रे आए दिन दहेज में कम सामान लाने और दहेज में गाड़ी नहीं देने की बात पर ताना मारने लगे।

इस बात की जानकारी विवाहिता ने अपने पिता को दी। बेटी का घर बचाने के लिए सुनीता के पिता कुछ रुपए में उन्हें दिया और लगातार सत्यप्रकाश व उसके परिवार को समझाते रहे, मगर आए दिन विवाहिता के ससुराल पक्ष के लोग उसके साथ मारपीट करते रहे। लगातार ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता थाना पहुंची और इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। बहरहाल पुलिस ने मामले में आरोपी पति सत्यप्रकाश, ससुर बुद्धेश्वर, सास केवरा बाई, जेठ राजेंद्र कुर्रे और भाभी शबाना कुर्रे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



## स्वच्छता दीदियों को पीपी किट बांटी

**बाराद्वार।** स्वच्छता दीदीयों को नगर पंचायत ने सोमवार को पीपी किट बांटा। बाराद्वार नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी पुनीत वर्मा ने बताया कि नगर पंचायत में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा पीपी किट बांटा जा रहा है, जिसके तहत सोमवार को बाराद्वार नगर पंचायत में कार्यरत सभी स्वच्छता दीदीयों को बाराद्वार तहसीलदार गरिमा मनहर अनंत और नायब तहसीलदार सुशीला साहू ने पीपी किट बांटा। बता दें कि नगर पंचायत द्वारा उनके स्वच्छता कर्मचारियों और स्वच्छता दीदीयों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर उन्हें सुरक्षा के उपकरण व अन्य जरूरी सामानो का वितरण किया जा रहा है, जिससे कि नगर को साफ रखने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले सफाई कर्मचारी भी स्वस्थ्य और सुरक्षित रहे।

बाराद्वार तहसीलदार गरिमा मनहर अनंत, नायब तहसीलदार सुशीला साहू, सीएमओ पुनित वर्मा, लक्ष्मण देहारी, छत्तराम भैना, अनिल यादव, चन्द्रशेखर सारथी, कमल नारायण साहू, संतोष साहू, नंदकुमार राठौर, शशांक सिंह ठाकुर, देव प्रसाद बरेठ, विनय पाल सिंह, अनिल कुमार, नरेन्द्र बरेठ, मंगलु यादव सहित नगर पंचायत के सभी कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदी मौजूद थे। अंत में नगर पंचायत सीएमओ ने सभी स्वच्छता दीदीयो को रोजाना उनके द्वारा दिये गये सुरक्षा उपकरणो को पहनकर ही काम करने निर्देश दिए।

## मंदिर से आभूषण और दान की राशि चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

### तीन लोग शामिल थे इस घटना को अंजाम देने में, पुलिस कर रही तालाश

**जांजगीर-चांपा।** जिले के अकलतरा स्थित महामाया मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 16-17 जनवरी की रात को हुई इस चोरी में करीब 1-1.25 लाख रुपए की राशि चोरी हुई थी।

19 वर्षीय रॉकी भारतेंदु को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच में सामने आया कि 3 नकाबपोश चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। अकलतरा थाना प्रभारी मणिकांत पांडेय के अनुसार, मंदिर परिसर में संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर रॉकी की पहचान की गई। उसे कवर्धा जिले के पंडरिया से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने 2 अन्य साथियों के साथ चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 4,200 रुपए नकद के साथ



चोरी में इस्तेमाल किए गए हथौड़ा और पेचकश भी बरामद किए हैं। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि अन्य 2 फरार आरोपियों की तलाश जारी है। मामला तब सामने आया जब महावीर यादव ने अकलतरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर पैसे चुरा लिए हैं। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में सफलता हासिल की।



## जनता को सुविधा नहीं मिल पा रही सामुदायिक शौचालय की

**पंतोरा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने सामुदायिक शौचालय का निर्माण सत्र 2021 22 में 3.50 लाख मंजूर हुआ था। निर्माण पूरा होने के बाद से इसमें ताला लटका हुआ है। शौचालय का निर्माण पंतोरा बस स्टैंड के हाई स्कूल मार्ग पर हुआ है, लेकिन ताला नहीं खुलने के कारण अब तक उपयोग में नहीं लाया गया, जिससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ यही हाल पंतोरा के पड़ोसी बक्सरा पंचायत का भी है। यहां भी स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया, लेकिन जब से सामुदायिक शौचालय बना है। तब से ताला लगा हुआ है, ताला लगने के कारण ग्रामीणों और राहगीरों द्वारा अब तक उपयोग नहीं किया जा सका है

## टीपाखोल डैम में नहाने के दौरान एडीएम का पुत्र डूबा, शव बरामद

**रायगढ।** रायगढ़ में एक युवक टीपाखोल डैम में डूब गया। मंगलवार की रात करीब साढ़े 8 बजे युवक अपने 2 दोस्तों के साथ डैम घूमने गया था। मृत युवक अपर कलेक्टर अजय लकड़ा का बेटा बताया जा रहा है। मामला कोतरा रोड थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक युवक का एयरबर्ड पानी में गिरा तो उसे उठाने के लिए वह पानी में उतरा। तब उसे गहराई का अंदाजा नहीं था और उसी दौरान वह पानी में डूब गया।

उसके दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। मामले की जानकारी कोतरा रोड पुलिस को लगी तो पुलिस की टीम और गोताखोर मौके पर पहुंचे। रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया, लेकिन रात में काफी देर तक उसका पता नहीं चल सका। रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया, लेकिन रात में काफी देर तक उसका पता नहीं चल सका था। रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया, लेकिन रात में काफी देर तक उसका पता नहीं चल सका था। सुबह फिर से युवक को ढूंढने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया और गोताखोरों ने युवक को पानी से बाहर निकाल लिया है। युवक के मुंह के पास खून नजर आ रहा था। युवक का नाम जॉय लकड़ा (25) बताया जा रहा है। फिलहाल, मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 30 को शहीद दिवस मनाएंगे

**जांजगीर।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मंत्रालय नवा रायपुर के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त संभागायुक्त, सभी कलेक्टरों, सभी जिला पंचायत के सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को सफल आयोजन के लिए एक परिपत्र जारी किया है। परिपत्र में कहा है कि 30 जनवरी 2025 की सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन आयोजन किया जाना है। अन्य काम और गतिविधियों को रोक दिया जाना चाहिए, जहां कहीं संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने व समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जानी चाहिए। इस आयोजन के संबंध में शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को जिला प्रशासन द्वारा समुचित अनुदेश जारी किए जाए।



## स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए

**जांजगीर-चांपा।** आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर आकाश छिकारा एवं एसपी विवेक शुक्ला ने सारागांव, नवागढ़, शिवरीनारायण एवं चांपा में नामांकन पत्र दाखिल करने की तैयारियों का जायजा लिया एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्वाचन के लिए सुविधाओं और सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने के लिए बनाए गई व्यवस्था का आज जायजा लिया एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यक बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर-एसपी ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम, मत पेटी वितरण केन्द्र, भवनों में बिजली सुविधा, इंटरनेट कनेक्शन, पार्किंग व्यवस्था, पानी सप्लाई व शौचालय की उचित व्यवस्था सहित सभी आधारभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, एसडीएम चांपा सुमित बघेल सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना से होता है व्यक्तित्व का विकास: घीतोड़े

**बाराद्वार।** अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय नगरदा द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन समन्वयक डॉ. सुशील कुमार एक्का के निर्देशन और जिला संगठक प्रो. सोमेश कुमार घीतोड़े व प्राचार्य डॉ. एपी गोस्वामी के मार्गदर्शन में हुआ। जिला संगठन प्रो. सोमेश कुमार घीतोड़े ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ समाज और राष्ट्र की विकास में अहम योगदान है। अतः आप सभी कर्तव्यनिष्ठ हो कर राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से आप अपना संपूर्ण विकास कर सकते हैं। कार्यक्रम में गांव के नागरिक और 41 स्वयंसेवक उपस्थित थे।



# महुआ शराब बनाने और बेचने वाला गिरफ्त में



**बाराद्वार।** जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग ने ग्राम बस्ती बाराद्वार के वार्ड नं 3 निवासी केशव सोनवानी को महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आबकारी विभाग के प्रभारी सहायक जिला अधिकारी आशीष उप्पल ने बताया कि बस्ती बाराद्वार में अवैध शराब का भंडारण कर ग्राहकों को महुआ शराब बेचने की सूचना मिली।

जिस पर उनकी टीम ने छापामार कार्रवाई करने ग्राम बस्ती बाराद्वार पहुंची तो मौके पर पाया कि केशव सोनवानी ने घर के कमरे की छत की पटाव में महुआ शराब रखा है। इस पर आबकारी की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों जगहों पर रखी शराब को जब्त कर आरोपी केशव सोनवानी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

**आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी-** आशीष आबकारी विभाग के प्रभारी सहायक जिला अधिकारी आशीष उप्पल ने बताया कि ग्राम बस्ती बाराद्वार में अवैध शराब बेचे जाने की शिकायत लगातार मिल रही थी। 21 जनवरी को कार्रवाई कर एक आरोपी को पकड़ा गया है। उन्होंने आगे कहा कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## शंका में पत्नी पर चाकू से हमला

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में पति ने पत्नी पर चरित्र शंका को लेकर चाकू से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए रिश्तेदार युवक के गले पर भी चाकू से गंभीर चोट पहुंची। घटना खरसिया थाना क्षेत्र की है।

ग्राम पुरी की रहने वाली गीता बाई सारथी (40) की शादी करीब 20 साल पहले गांव के मोहन सारथी के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुई थी। तब से दोनों साथ रह रहे थे, लेकिन 10 साल बाद मोहन अपनी पत्नी पर चरित्र शंका करते हुए अक्सर लड़ाई करता था। इसी बात को लेकर एक बार आमापाली के जंगल में ले जाकर उसे फांसी लटकाने का भी प्रयास किया, लेकिन वह किसी तरह बच गई। इसके बाद डर से चुप रहकर उसके साथ रहती थी। पति से परेशान होकर करीब 1 माह पहले गीता अपने बच्चों को लेकर मायके जोबी आ गई।

### शिक्षकों को मिलेगा अतिरिक्त अवकाश

**जांजगीर।** गर्मी के छुट्टी में सामाजिक आर्थिक जनगणना सर्वे कार्य करने वाले शिक्षकों को अतिरिक्त अर्जित अवकाश दिया जाएगा। इसे लेकर डीईओ ने बीईओ व प्राचार्य को पत्र जारी किया है। इसके लिए शिक्षक संघ ने शिक्षा विभाग से अर्जित अवकाश देने की मांग की थी।

## युवती की स्कूटी से निकला गांजा,सरगना की तलाश जारी

**बिलासपुर।** बिलासपुर में गांजा सप्लाई करने आई युवती और युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों रेलवे स्टेशन से गांजा लाकर सरकंडा क्षेत्र में खपाने निकले थे। इसी दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। दोनों के पास से 2 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस मामले के सरगना की तलाश की जा रही है।




सरकंडा थाना प्रभारी निलेश पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में गांजा सप्लाई करने की लगातार जानकारी मिल रही थी। एसपी रजनेश सिंह को इसकी जानकारी देकर उन्होंने जवानों को मुखबिर लगाकर कार्रवाई करने कहा। इसी बीच स्टाफ को खबर मिली कि युवक और युवती स्कूटी में गांजा सप्लाई करने निकले हैं। जिसके बाद टीम के सदस्य उनकी घेराबंदी करने में जुट गए।

पुलिस जवानों ने लिंगियाडिह नर्सरी के पास घेराबंदी की। तब दयालबंद की ओर से युवक-युवती स्कूटी में सवार होकर सरकंडा तरफ आ रहे थे। उन्हें रोक कर पूछताछ की गई। तब वो गोलमोल जवाब देने लगे। जिसके बाद स्कूटी की डिक्की की तलाशी ली, जिसमें 2 किलो 600 ग्राम गांजा निकला।

पुलिस उन्हें पकड़कर थाने ले गई। पूछताछ में पता चला कि चंद्रप्रभा सिदार (21) सक्ती जिले के बाराद्वार में रहने वाली है। वहीं अनिश गुप्ता निवासी टिकरापारा मन्नू चौक में रहता है। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

सप्लाई करने भेजा था कोटा का युवक, तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस की पूछताछ में पहले युवती और युवक गोलमोल जवाब दे रहे थे। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि कोटा क्षेत्र के गनियारी निवासी विनोद कुमार ने उन्हें गांजा बेचने के लिए दिया था। वह गांजा कहां से लाया था, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। विनोद का नाम आने के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। फिलहाल, वह फरार है। पुलिस उसके ठिकानों की जानकारी जुटाकर दबिश दे रही है।

## अनमोल वचन......

शांति व सहनशीलता वातानुकूलित कक्ष जैसी शीतलता प्रदान करती है, इनसे मनुष्य की कार्यक्षमता बढ़ती है।

# महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर लगाम कैसे

भारत के शीर्ष तीन शहरों में बेंगलूरु को महिलाओं के लिए सामाजिक व औद्योगिक समावेश में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाला माना गया है। तमिलनाडु के आठ शहरों को इस सूची में स्थान प्राप्त हुआ, जिसमें कामकाजी महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित, समावेशी शहरों में दूसरे नंबर में राज्य की राजधानी चेन्नई है। जो बीते साल के सर्वेक्षण में पहले पायदान पर थी। लिंग समावेशी क्षेत्र के तौर पर 25 में से 16 शहर दक्षिण भारत के हैं। यह सर्वेक्षण महिलाओं के कामकाज, उनकी रहने की जगहों, आगे बढने के तरीकों के आधार पर किया गया। कोयंबटूर, तिरुचिरापल्ली, वेल्लोर, मदुरै, सेलम, इरोड, तिरुप्पुर भी इस सूची में शामिल हैं। देश में महिलाओं के लिए शीर्ष शहरों के सूचकांक, आदर्श शहरों व सवरेत्तम चलन की पहचान करता है। महिलाओं की प्रगति और उन्हें आग बढने के मार्ग प्रशस्त करने में शहरों के मूल सिद्धांतों व सांस्कृतिक ताने-बाने की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। मुख्मंत्री एमके स्टालिन का दावा है कि भारत की औद्यौगिक महिला कार्यबल का चालीस प्रतिशत हिस्सा तमिलनाडु से आता है।

देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम कसने में बुरी तरह असफल सरकारों के लिए इस तरह के अध्ययन फौरी तौर पर राहत दे सकते हैं। मगर हकीकत यही है कि देश भर में प्रतिवर्ष तकरीबन चार लाख से अधिक मामले महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के दर्ज होते हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार हर पंद्रहवें मिनट में बलात्कार की घटना दर्ज होती है, जिसमें राजस्थान शीर्ष पर है, उप्र-मप्र क्रमश: दूसरे-तीसरे स्थान पर हैं। कामकाजी महिलाओं के खिलाफ कार्यस्थल पर होने वाले शोषण के खिलाफ कानून लागू होने के बावजूद सुरक्षित वातावरण मिलना बेहद दुष्कर है।

हालांकि उक्त सर्वेक्षण में अध्ययन के लिए चुने गए शहरों के परिवेश व सांस्कृतिक महत्त्व को भी देखा जाना जरूरी है। क्योंकि दक्षिण के राज्यों में उत्तर की बनिस्पत शिक्षा अधिक है और लैंगिक विषमता भी कम है। असल सवाल यह होना चाहिए कि महिलाओं के लिए सुरक्षित शहरों के तौर-तरीकों को अन्य राज्य सरकारें भी अपनाने का प्रयास करें। इससे महिला कार्य-बल की क्षमता भी बढ़ सकती है, वे उत्कृष्टतापूर्ण नतीजे देने में सफल होंगी, जो राष्ट्र की उन्नति व समृद्धि में महती भूमिका निभा सकता है।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं।किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीतिक में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को मानसिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से बच जायेंगे। आज अपने काम को समय से पूरा करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनायेंगे। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। आज आपके मन में स्टोरी लिखने का विचार आ सकता है।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से काम संबंधी अनबन दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको ख़ुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको नया सीखने को मिलेगा। अन्य लोगों ने जिस प्रकार से अपने काम में प्रगति की है, वैसे ही अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी सेवारत हैं उन लोगों को बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, परिवार में सभी एक-दूसरे की भावनाओं को समझेंगे।

**मकर राशि :** आज का दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए रचनात्मक गतिविधियों में रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों में सफलता मिल सकती हैं। इस राशि के जो लोग बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए समय अच्छा है। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप बिजनेस में लाभ लेने के लिए किसी एक्सपर्ट की सलाह लेंगे। आज आपको किसी और के मामलों से दूर रहना होगा ताकि आप अपना मन काम में लगा सके।

# स्वामित्व योजना के तहत बनाए गए संपत्ति कार्ड द्वारा सह-स्वामित्व के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण

//सुशील कुमार लोहानी//

**18 जनवरी, 2025 को लगभग 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्डों का वितरण, ग्रामीण सशक्तिकरण और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में भारत की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह पहल, संपत्ति के अधिकारों को मजबूत करने और समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एक समृद्ध और विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है।**

ऐतिहासिक रूप से, भारत में ग्रामीण महिलाएँ कृषि, घरेलू प्रबंधन और सामुदायिक जीवन का केंद्र रही हैं। उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, प्रणालीगत बाधाओं ने उन्हें उस भूमि की कानूनी मान्यता से वंचित कर दिया है, जिस पर वे खेती करती हैं और जिसकी देखभाल करती हैं। इस असमानता ने महिलाओं की वित्तीय संसाधनों, अवसरों और स्वतंत्रता तक पहुँच को बाधित कर दिया है, जिससे आर्थिक और लैंगिक असमानताएँ अभी तक मौजूद हैं।

स्वामित्व योजना आधिकारिक तौर पर महिलाओं को भूमि के सह-स्वामी के रूप में मान्यता देकर इस आख्यान को नया रूप दे रही है। यह परिवर्तनकारी पहल, महिलाओं को पारिवारिक संपत्ति में समान हिस्सेदारी की सुविधा देती है तथा उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाती है। यह लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण भारत में, भूमि स्वामित्व वित्तीय मूल्य से परे है - यह सामाजिक स्थिति और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। संपत्ति के अधिकार के बिना, महिलाओं को अक्सर वित्तीय अस्थिरता, विस्थापन और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। कानूनी भूमि अधिकार प्रदान करके, स्वामित्व योजना महिलाओं को भूमि उपयोग, पहुँच और संसाधनों के संबंध में सुरक्षा और निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करती है।

योजना के सबसे प्रभावशाली परिणामों में से एक है - महिलाओं को मिली वित्तीय स्वतंत्रता। भूमि स्वामित्व ऋण, क्रेडिट और बीमा जैसी वित्तीय सेवाओं तक पहुँच को सक्षम बनाता है, जो पहले औपचारिक भू-स्वामित्व के बिना संभव नहीं थे। यह पहुँच महिलाओं को अपने परिवार के भविष्य में निवेश करने और वित्तीय स्थिरता स्थापित करने की सुविधा देती है। संपत्ति में महिलाओं को सह-स्वामियों के रूप में शामिल करने से, ग्रामीण महिलाओं के पास अब ऋण प्राप्ति के लिए गिरवी के रूप में अपनी भूमि का उपयोग करने की क्षमता है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थानीय अधिकारियों ने महिलाओं को संपत्तियों का सह-स्वामी बनने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। परिणामस्वरूप, महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से या पूर्ण स्वामित्व वाली आवासीय संपत्तियों का प्रतिशत आश्चर्यजनक रूप से 16 प्रतिशत से बढ़कर 88त्न हो गया। इस बदलाव ने महिलाओं को ऋण प्राप्त करने, व्यवसाय शुरू करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के साथ-साथ संपत्ति विवादों को कम करने और आर्थिक स्थिरता को बढ़ाने के प्रति सशक्त बनाया है। इसी तरह, मध्य प्रदेश में, राज्य के भू राजस्व संहिता के तहत सह-स्वामी के रूप में महिलाओं को शामिल करने के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। हरदा की श्रीमती शालिया सिद्दीकी जैसी महिलाओं ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड प्राप्त करने से कैसे उनकी भूमि सुरक्षित हुई और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी समर्थन प्राप्त हुआ। इस सशक्तिकरण ने ऋण, कृषि सहायता और अन्य वित्तीय संसाधनों तक पहुँच को सक्षम किया है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।

वित्तीय और कानूनी सशक्तिकरण से परे, यह योजना एक महत्वपूर्ण सामाजिक उपलब्धि है। कई महिलाओं के लिए, संपत्ति का स्वामित्व परिवारों और समुदायों में सुरक्षा, मान्यता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है। यह उन सांस्कृतिक मानदंडों को चुनौती देता है, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को संपत्ति से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर रखा है। इस योजना के जरिये महिलाओं को घरेलू और सामुदायिक शासन में सक्रिय भूमिका निभाने में सक्षम बनाया गया है। भूमि अधिकारों को सुरक्षित करके, स्वामित्व योजना गहरी जड़ें जमाए लैंगिक पूर्वाग्रहों का समाधान करती है और महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए सशक्त बनाती है। कानूनी मान्यता परिवारों और समाज के भीतर उनकी स्थिति को मजबूत करती है, घरेलू संसाधनों पर अधिक नियंत्रण प्रदान करती है और संपत्ति विवादों के दौरान विस्थापन या अधिकारों के उल्लंघन के जोखिम को कम करती है। वित्तीय या व्यक्तिगत संकट के दौरान, भूमि स्वामित्व एक अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में कार्य करता है, जो महिलाओं को अपने अधिकारों का दावा करने और अपनी आजीविका सुरक्षित करने में सक्षम बनाता है।इसके अलावा, यह योजना संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप है, विशेष रूप से लक्ष्य 1, जिसका उद्देश्य गरीबी को समाप्त करना है, और उप-लक्ष्य 1.4.2, जो महिलाओं सहित कमजोर समूहों के लिए कार्यकाल सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर देता है। महिलाओं को संपत्ति के मालिकों के रूप में मान्यता देकर, स्वामित्व योजना इन वैश्विक लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देती है तथा समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देती है।सुरक्षित भूमि अधिकारों के लाभ व्यक्तिगत घरों से आगे जाते हैं। जिन महिलाओं के पास भूमि का मालिकाना हक़ होता है, वे वित्तीय सेवाओं तक पहुँचने, अपने परिवारों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने और लैंगिक हिंसा को कम करने की दृष्टि से बेहतर स्थिति में होती हैं। सशक्त भूमि मालिक आर्थिक विकल्पों पर स्वायत्तता प्राप्त करते हैं, उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार होता है और वे सामुदायिक मामलों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। इससे एक क्रमिक प्रभाव पैदा होता है, महिलाएँ अपने समुदायों में फिर से निवेश करती हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करती हैं और सतत विकास को बढ़ावा देती हैं।

इस योजना की सफलता महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है, जहाँ इसके कार्यान्वयन के ठोस लाभ सामने आये हैं। 13 राज्यों ने पहले ही संपत्ति में महिलाओं के सह-स्वामित्व को अपना लिया है, उम्मीद है कि अन्य राज्य भी इसका अनुसरण करेंगे, जिससे ग्रामीण भारत में इस योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव का विस्तार होगा। योजना के कार्यान्वयन ने 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। 67,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले 3.17 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। इस व्यापक मानचित्रण से अनुमान लगाया गया है कि भूमि का आर्थिक मूल्य 132 लाख करोड़ रुपये है, जो योजना की ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को बदलने की क्षमता को प्रदर्शित करता है।

भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के अपने विज़न की ओर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में स्वामित्व योजना ग्रामीण परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण क्षमता-प्रदाता के रूप में कार्य कर रही है। संपत्ति के अधिकारों को औपचारिक रूप देकर, ऋण प्रणालियों तक पहुंच को सक्षम करके और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर, यह योजना समावेशी विकास के लिए एक मजबूत आधारशिला रखती है। आधुनिक जीआईएस तकनीक और सटीक भूमि रिकॉर्ड का उपयोग, विकास कार्यक्रमों का समर्थन करता है और ग्रामीण शासन को मजबूत करता है।एक ही दिन में 65 लाख संपत्ति कार्डों का वितरण, केवल दस्तावेजों के हस्तांतरण से अधिक है; यह ग्रामीण नागरिकों को सशक्त बनाने और भारत की विकास यात्रा में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। विकसित भारत के विजन में सार्थक योगदान देने के लिए ग्रामीण समुदायों को आवश्यक उपकरणों और संसाधनों से लैस करके, स्वामित्व योजना आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक न्यायसंगत और समृद्ध ग्रामीण भारत का निर्माण कर रही है। निष्कर्ष के तौर पर, यह कहा जा सकता है कि स्वामित्व योजना केवल एक नीति नहीं है, बल्कि एक परिवर्तनकारी पहल है, जो बाधाओं को तोड़ती है, महिलाओं को सशक्त बनाती है तथा सामाजिक और आर्थिक बदलाव को गति देती है। महिलाओं को एक मजबूत आवाज, अधिक वित्तीय स्वतंत्रता और उज्ज्वल भविष्य देकर, यह योजना एक शक्तिशाली उदाहरण पेश करती है कि कैसे कानूनी सुधार समावेशी विकास को उत्प्रेरित कर सकते हैं और अधिक न्यायसंगत समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# जैव विविधता का महत्त्वपूर्ण हिस्सा पेंगुइन

योगेश कुमार गोयल

**पेंगुइन ऐसा खूबसूरत पक्षी है जो पंखों के बावजूद उड़ नहीं पाता लेकिन पानी में बेहद तेज तैराक होता है। माना जाता है कि पेंगुइनों ने लाखों वर्ष पहले उडने की क्षमता खो दी थी। शक्तिशाली फ्लिपर्स और सुव्यवस्थित शरीर उन्हें बहुत अच्छा तैराक बनाते हैं। यह सबसे तेज तैरने और सबसे गहरा गोता लगाने वाली पक्षी प्रजाति है। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण तथा मानव गतिविधियों के कारण इस खूबसूरत पक्षी की कई प्रजातियां भी संकटग्रस्त हैं।**

दुनिया भर में पेंगुइन की कुल 18 प्रजातियां पाई जाती हैं, जो स्फेनिस्कीनाई उप-परिवार के अंतर्गत आती हैं। इनमें एडेली पेंगुइन', दक्षिणी रॉकहॉपर पेंगुइन' और मैकरोनी पेंगुइन' प्रमुख रूप से शामिल हैं। पेंगुइन की 18 प्रजातियों में से 11 प्रजातियां अब संकटग्रस्त अथवा विलुप्तप्राय की श्रेणी में आती हैं। पेंगुइन की आबादी प्रति वर्ष खतरनाक दर से घट रही है, और दुनिया के अधिकांश लोग इस बात से इसीलिए अनजान हैं क्योंकि उन्हें अपने प्राकृतिक आवास में पेंगुइन देखने को नहीं मिलते। पेंगुइन की 72 प्रतिशत प्रजातियों की आबादी घट रही है, और 5 प्रजातियां लुप्तप्राय मानी जाती हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बेहतर सुरक्षा और संरक्षण उपायों को लागू नहीं किया गया तो इन प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है। आईयूसीएन ने पेंगुइन की अनेक प्रजातियों को संकटग्रस्त की श्रेणी में सूचीबद्ध किया है। यही कारण है कि पेंगुइन की सुरक्षा के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय संगठन प्रयासरत हैं, और 2000 से प्रति वर्ष 20 जनवरी को पेंगुइन जागरूकता दिवस' भी मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पेंगुइन के संरक्षण और उनके आवासों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिवस पेंगुइन संरक्षण को बढ़ावा देने के प्रयास में पेंगुइन के आवासों की सुरक्षा पर जोर देता है।

जलवायु परिवर्तन के चलते बर्फ की चादर पिघलने और समुद्री तापमान में वृद्धि होने के कारण पेंगुइन के प्रजनन स्थल और भोजन के स्रोत प्रभावित हो रहे हैं। विषाक्त प्लास्टिक, मछली पकडने, तेल रिसाव, आवास विनाश और पर्यटन जैसी तेजी से बढ़तीं मानवीय गतिविधियों के कारण भी पेंगुइन के आवासों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। समुद्र में लेपर्ड सील' और ऑर्का जैसे शिकारी भी पेंगुइन के लिए खतरा बनते हैं।

पेंगुइन अपने बच्चों को अंटार्कटिका की बर्फ पर पालते हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण वे खतरे में हैं। अमेरिका में सेंटर फॉर बायोलॉजिकल डायर्वसटिी' के जलवायु विज्ञान निदेशक शाय वुल्फ का कहना है कि पेंगुइन का अस्तित्व इस पर निर्भर करता है कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सरकार क्या ठोस कदम उठाती है। अमेरिकी सरकार का मानना है कि जलवायु परिवर्तन इन पक्षियों के असफल प्रजनन का बड़ा कारण बन रहा है। वेडेल सागर में हैलीबे कॉलोनी दुनिया में एम्परर पेंगुइन की दूसरी सबसे बड़ी कॉलोनी है। इस कॉलोनी ने कई वर्षों तक समुद्री बर्फ की खराब स्थिति का सामना किया है। ऐसे में 2016 में सभी नवजात चूजे डूब गए थे, जिससे इनकी कॉलोनी को बहुत नुकसान हुआ था। इसीलिए अमेरिकी सरकार चेतावनी दे चुकी है कि एम्परर पेंगुइन को अज्रेट क्लाइमेट एक्शन' की सख्त जरूरत है।

हालांकि वाइल्ड लाइफ एजेंसी' का कहना है कि पिछले 40 वर्षों के उपग्रह डेटा और अन्य सबूतों की जांच से सामने आया है कि पेंगुइन पर फिलहाल विलुप्त होने का तो खतरा नहीं है, लेकिन यदि तापमान इसी तरह बढ़ता रहा तो वह दिन भी दूर नहीं है। वाइल्ड लाइफ एजेंसी' द्वारा इस पक्षी को पर्यावरण समूह, सेंटर फॉर बायोलॉजिकल डायर्वसटिी द्वारा 2011 में लगाई गई एक याचिका की मदद लेकर ए डेंजर्ड स्पीशीज एक्ट' के तहत रखा गया है।

बहरहाल, बढ़ते तापमान के कारण समुद्री बर्फ पिघल रही है, जिससे पेंगुइन की प्रजनन और भोजन खोजने की क्षमता प्रभावित हो रही है। समुद्रों में प्लास्टिक और अन्य प्रदूषण पेंगुइन के लिए बड़ा खतरा बन रहे हैं। पेंगुइन अक्सर प्लास्टिक को भोजन समझ कर निगल लेते हैं, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। अत्यधिक मछली पकडने के कारण पेंगुइन के लिए भोजन की उपलब्धता कम हो रही है। पर्यावरणविद् जलवायु परिवर्तन के कारण अंटार्कटिका में रहने वाले एम्परर और एडेली पेंगुइन को लेकर तो बेहद चिंतित हैं क्योंकि उनका मानना है कि दो डिग्री तापमान परिवर्तन के साथ इन्हें आवास की गंभी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। पेंगुइन न केवल पृथ्वी की जैव विविधता का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं, बल्कि समुद्री खाद्य श्रृंखला का भी महत्त्वपूर्ण अंग हैं, जो समुद्री पारिस्थितिक तंत्र का स्वास्थ्य बनाए रखने में मदद करते हैं। काले और सफेद रंग के उडने में असमर्थ पंख वाले खूबसूरत पेंगुइन पृथ्वी के सबसे प्यारे और अद्भुत जीवों में शुमार हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने जरूरी हैं ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन अद्वितीय पक्षियों की सुंदरता और विशिष्टता का आनंद ले सकें।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पर नाव की सवारी का आनंद ले रहे हैं।



गुलमर्ग, बारामुल्ला में बर्फ से ढके पहाड़ों और घरों का सुंदर दृश्य।




नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रमुख नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।




आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी अपनी पत्नी व अडानी फाउंडेशन की चेयरपर्सन प्रीति अडानी के साथ प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान त्रिवेणी संगम पर गंगा पूजा करते हुए।



अदानी समूह के अध्यक्ष गौतम अदानी ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान इस्कॉन मंदिर के शिविर में वितरित करने के लिए महाप्रसाद (पवित्र भोजन) तैयार किया है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वाशिंगटन डी.सी. के कैपिटल वन एरिना में भाषण देते हुए।

# रहस्यमय मौतों से घिरे राजौरी के बडाल गांव में पहुंचे सीएम उमर, पूरा इलाका कंटेनमेंट क्षेत्र घोषित, आवाजाही पर रोक

**राजौरी, 22 जनवरी [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के राजौली जिले के बडाल गांव में तीन परिवारों के 13 बच्चों समेत 17 लोगों की मौत से हर कोई हैरान है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गांव में स्थिति का निरीक्षण करने के लिए मंगलवार को स्वयं बडाल पहुंचे।उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि इस गांव में मौतों के पीछे के रहस्य को सामने लाने के लिए जांच चल रही है। सभी सवालों के जवाब जल्द ही मिल जाएंगे। वहीं पीड़ितों के संपर्क में रहे एक युवक के मंगलवार को बीमार पड़ने के बाद प्रशासन ने बडाल गांव को कंटेनमेंट जोन (नियंत्रित क्षेत्र) घोषित करते हुए आवाजाही पर पूर्ण रोक लगा दी है। भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 163 के तहत राजौरी के सहायक जिला मजिस्ट्रेट राजीव कुमार खजूरिया द्वारा मंगलवार देर रात जारी आदेश के बाद पीड़ित परिवारों के घर सील कर दिए गए हैंबडाल गांव में ये सभी मौतें सात दिसंबर से 19 जनवरी के बीच रहस्यमय परिस्थितियों में हुई हैं। इनका कारण पता लगाने के लिए प्रदेश की स्वास्थ्य एजेंसियों समेत चंडीगढ़, नई दिल्ली से लेकर पुणे तक चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थानों के विशेषज्ञ जांच कर चुके हैं। उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को गांव में जाकर शोक संतप्त परिवारों के साथ मिलकर संवेदना प्रकट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि दूरदराज के इलाकों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए जिला स्तर पर स्वास्थ्य क्षेत्र की अपर्याप्तता को दूर किया जाएगा।उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह घटनाएं बैक्टीरिया या वायरल मूल की संक्रामक बीमारी के कारण नहीं थीं। इसमें कोई सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलू नहीं है। मृतकों के नमूनों में कुछ न्यूरोटाक्सिन पाए जाने के बाद एसआईटी बनाई गई है। पुलिस ने भी इस बात का संज्ञान लिया है कि मौतें किसी की करतूत का नतीजा तो नहीं हैं। नागरिक प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस जांच कर रहे हैं। हमारे पास केंद्रीय टीम भी है, जिसने कुछ उपाय सुझाए हैं। जांच के बाद ही पूर बात सामने आएगी।अंतर मंत्रालयीय टीम ने दूसरे दिन मोहम्मद रफीक के घर का दौरा किया। रफीक के भी तीन बच्चों व पत्नी की मौत हो चुकी है। टीम के सदस्यों ने घर के अंदर और बाहर से कई सैंपल लिए। परिवार के सदस्यों से भी काफी देर तक बातचीत की और पूछा कि बच्चों ने बीमार होने से पहले क्या खाया था। वह कहां गए थे और किससे मिले थे। शुरुआत में उन्हें किस तरह की चिकित्सा सुविधा दी गई। सैंपल लेने के बाद टीम देर शाम को राजौरी लौट आई। यह सैंपल अब जांच के लिए दिल्ली भेजे जाएंगे। बडाल गांव में एक और युवक एजाज(25) को बीमार होने पर इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वह मोहम्मद असलम का भांजा है। मोहम्मद असलम और उसके परिवार के छह बच्चों की मौत पहले ही हो चुकी है। असलम के घर में ही था और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के दौरे को लेकर प्रबंध कर रहा था। दोपहर बाद अचानक वह बीमार हो गया। इसके बाद मौके पर मौजूद डाक्टरों ने उसे कोटरंका अस्पताल रेफर किया। उसे अब चापर से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर करने की तैयारी है।



## नितिन गडकरी बोले- स्टील, सीमेंट उद्योग कुछ लोगों के हाथों में, यह कार्टेल देश के लिए बड़ी समस्या



**मुंबई 22 जनवरी [एजेंसी]।**

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि स्टील और सीमेंट उद्योग का कार्टेल देश और इसके बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक बड़ी समस्या हैं। इन दोनों क्षेत्रों में बहुत कम खिलाड़ी हैं और ये खिलाड़ी मिलीभगत से काम करते हैं। स्टील और सीमेंट उद्योग दोनों क्षेत्र बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। यहां आईईसीआरपी 2025 प्रदर्शनी में उन्होंने कहा, स्टील और सीमेंट उद्योग कुछ लोगों के हाथों में हैं। वे हमेशा दरें तय करते हैं। उनकी कार्टेलिज्म देश के लिए एक बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि फाइबर-रीएनफोर्स्ड प्लास्टिक (एफआरपी) स्टील और सीमेंट कंपनियों की पकड़ को कमजोर के लिए एक अच्छे विकल्प के रूप में काम कर सकता है और उन्होंने हर संभव मदद की पेशकश की। उन्होंने कहा, वैकल्पिक सामग्री बनाने के लिए आपका समर्थन करना ही मेरा मकसद है। हालांकि, उन्होंने एफआरपी कंपनियों से आग्रह किया कि वे अपनी कीमतें इतनी कम कर दें कि अन्य स्थापित विकल्पों की तुलना में अंतिम लागत 20-25 प्रतिशत कम हो।गडकरी ने कहा कि उन्होंने मुंबई के दूरदराज के उपनगरों से लोगों को भावी नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक पहुंचाने के लिए 10,000 जल टैक्सियों के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस से चर्चा की है। उन्होंने कहा कि जल टैक्सियां मुंबई के उत्तर में अरब सागर के किनारे स्थित विरार जैसे उपनगरों और ठाणे क्रीक के साथ उत्तर-पूर्व में कल्याण-डोंबिवली जैसे उपनगरों से लोगों को 70 मिनट में नए हवाई अड्डे तक पहुंचा सकती हैं।नए हवाई अड्डे से यात्री उड़ानें अगले साल अप्रैल से शुरू होने वाली हैं। यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए नए हवाई अड्डे को मेट्रो रेल से जोड़ने की योजना पर काम चल रहा है।

## IMD का अलर्ट : दिल्ली में फिर बारिश के आसार, अब बढ़ेगी और ज्यादा ठंड

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में तीन दिनों की गर्माहट के बाद बुधवार और बृहस्पतिवार को मौसम एक बार फिर करवट लेगा। पूर्वानुमान है कि दिनभर बादल छाए रहेंगे। शाम और रात के समय गर्जन वाले बादल बनने और हल्की बरसात भी होने के आसार हैं। इससे ठिठुरन भरी ठंड बढ़ेगी तो तापमान में गिरावट हो सकती है। उधर, दिन भर खिली रही तेज धूप के बीच मंगलवार को भी गर्माहट का एहसास हुआ। खासकर दोपहर के समय लोगों को गर्म कपड़े बिल्कुल भी नहीं सुहाए। यही वजह रही कि अधिकतम तापमान सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक 24.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री अधिक 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, हवा में नमी का स्तर 95 से 45 दर्ज किया गया। पीतमपुरा दिल्ली का सबसे गर्म इलाका रहा। यहां का अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि बुधवार की सुबह ज्यादातर जगह स्मॉग एवं मध्यम श्रेणी का कोहरा रहने के आसार हैं। कहीं कहीं घना कोहरा हो सकता है। दिनभर बादल छाए रहेंगे। शाम या रात के वक्त गर्जन वाले बादल बनने और हल्की वर्षा होने की भी संभावना है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः22 और 11 डिग्री रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। बृहस्पतिवार को भी कमोबेश ऐसा ही मौसम रहेगा। शुक्रवार के लिए कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## राष्ट्रपति ट्रंप के ताबड़तोड़ फैसले, पेरिस जलवायु संधि के साथ WHO से भी अलग हुआ अमेरिका, चीन पर भी किया हमला

**वाशिंगटन, 22 जनवरी [एजेंसी]।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पद संभालते ही ताबड़तोड़ फैसले लेने शुरू कर दिए है। अपने वादों को निभाते हुए उन्होंने राष्ट्रपति के तौर पर पहले ही दिन कई कार्यकारी आदेशों पर दस्तखत किए। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कई आदेशों को रद कर दिया है। ट्रंप ने कार्यकारी आदेशों के जरिये कैपिटल हिल दंगे के आरोपित अपने 1500 समर्थकों को आम माफी दे दी है। उन्होंने अपने देश को पेरिस जलवायु संधि से अलग कर लिया है। अमेरिका अब विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का सदस्य भी नहीं रहेगा। इसके साथ ही अमेरिका में अब जन्मसिद्ध नागरिकता नहीं मिलेगी। गौरतलब है कि इस समय अमेरिका में जन्म लेने वालों को अमेरिकी नागरिकता मिल जाती है भले ही उनके माता पिता अमेरिकी न हों। ट्रंप ने सोमवार को जलवायु परिवर्तन पर महत्वाकांक्षी पेरिस समझौते से हटने के लिए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने आदेश पर हस्ताक्षर करने से पहले कहा, मैं तुरंत पेरिस जलवायु समझौते से हट रहा हूं। इससे पहले ट्रंप के पहले कार्यकाल में



जनवरी 2017 में भी अमेरिका पेरिस समझौते से हटा था, लेकिन जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने के बाद फिर इसमें शामिल हो गया। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचने के लिए वैश्विक तापमान को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए दुनिया के देशों ने यह समझौता किया है। अमेरिका के हटने से दुनिया में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की पहल को झटका लगना तय है। कार्यकारी आदेश में कहा गया है, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के राजदूत को जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के तहत पेरिस समझौते से अपनी वापसी की औपचारिक लिखित अधिसूचना तुरंत पेश करनी होगी। यह मेरे प्रशासन की नीति है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते में अमेरिका और अमेरिकी लोगों के हितों का सबसे पहले ध्यान रखा जाए। इन समझौतों से अमेरिका पर अनावश्यक या गलत तरीके से बोझ नहीं पड़ना चाहिए। ट्रंप ने इसे एकतरफा समझौता बताते हुए कहा कि अमेरिका अपने उद्योगों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा, जबकि चीन बेखौफ होकर प्रदूषण फैला रहा है। ट्रंप की टीम के अनुसार पेरिस समझौता अमेरिकी श्रमिकों, कारोबारियों और करदाताओं पर अनुचित आर्थिक बोझ डालता है। चीन ने कहा कि वह इस घोषणा को लेकर चिंतित है। जलवायु परिवर्तन समस्त मानव जाति के सामने चुनौती है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, कोई भी देश इससे अलग नहीं रह सकता। यूरोपीय संघ के जलवायु नीति प्रमुख वोपके होकेस्ट्रा ने ट्रंप के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। ट्रंप ने डब्ल्यूएचओ से अमेरिका के बाहर निकलने के आदेश पर भी हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा, डब्ल्यूएचओ ने कोविड -19 महामारी और अन्य अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संकटों से निपटने में नाकाम रहा। अमेरिका डब्ल्यूएचओ से बाहर होगा। यह संगठन सदस्य देशों के राजनीतिक प्रभाव से स्वतंत्र होकर कार्य करने में विफल रहा है।ट्रंप ने कहा, जब मैं राष्ट्रपति था तो हमने विश्व स्वास्थ्य को 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया था। मैंने इसे समाप्त कर दिया। कोई नहीं जानता कि इस समय हमारी जनसंख्या कितनी है, क्योंकि बहुत सारे लोग अवैध रूप से आए हैं। लेकिन मान लीजिए कि हमारे पास 32. 5 करोड़ लोग हैं, तब भी चीन में 1.4 अरब लोग हैं। वे 39 मिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान कर रहे थे।आगे कहा कि हम 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान कर रहे थे। यह मुझे थोड़ा अनुचित लगा। मैं (डब्ल्यूएचओ से) बाहर हो गया। उन्होंने मुझे 39 मिलियन अमेरिकी डॉलर में वापस आने की पेशकश की। यह उससे कम होना चाहिए, लेकिन, जब बाइडन राष्ट्रपति बने तो वे 500 मिलियन मिलियन अमेरिकी डॉलर में वापस आए।आदेश में कहा गया है कि 1.4 अरब की आबादी वाले चीन में अमेरिका की 300 प्रतिशत आबादी रहती है, फिर भी वह डब्ल्यूएचओ को लगभग 90 प्रतिशत कम योगदान देता है। अमेरिका डब्ल्यूएचओ से हटने का इरादा रखता है।

## इस बार सूर्य महल में होगा जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल, मुगल टेंट बना फूड क्षेत्र




**जयपुर, 22 जनवरी [एजेंसी]।**

साहित्य के महाकुंभ जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ)के 30 जनवरी से शुरू होने वाली पांच दिवसीय 18वें संस्करण में देश-विदेश की छह सौ हस्तियां शामिल होंगी। इनमें नोबेल,बुकर पुरस्कार विजेताओं से लेकर नीति-निर्माता,लेखक, साहित्यकार, राजनेता, कलाकार और कवि शामिल हैं। जेएलएफ में इस बार बड़ा बदलाव किया गया है। दो साल से विवाद में रहे मुगल टेंट को इस बार फूड क्षेत्र बना दिया गया है। साल,2023 और 2024 में मुगल टेंट बनाए जाने पर आपत्ति जताई गई थी।भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया,पूर्व विधायक रामलाल शर्मा और उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह ने जेएलएफ में एक सत्र में मुगल टेंट का नाम रखे जाने पर आपत्ति जताई थी।लक्ष्यराज ने तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष सी.पी.जोशी के साथ एक सत्र में चर्चा के दौरान मुगल टेंट पर आपत्ति जताई थी। वहीं पूनिया ने कहा था कि मुगल टेंट का नाम रखकर आयोजकों ने गलती की है। अब मुगल टेंट के स्थान पर सूर्य महल नाम से नया स्थान बनाया जाएगा। इसमें सत्र होंगे। जेएलएफ के आयोजक संजोय रॉय ने बताया कि फेस्टिवल में कन्हैयालाल सेठिया पुरस्कार इस बार हिंदी के प्रख्यात कवि बद्री नारायण को उनकी साहित्यिक प्रतिभा और समाज में परिवर्तन लाने वाली शैली के लिए दिया जाएगा। जेएलएफ में नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी, एस्थर डुफ्लो,वेंकी रामकृष्ण,बुकर पुरस्कार विजेता गीतांजलि श्री,पुलित्जर पुरस्कार विजेता स्टीफन ग्रीपब्लास्ट,विचारक गोपालकृष्ण गांधी,अनीता आनंद,मनु एस.पिल्लई,रंजीता होस्कोटे,डेविड हेयर,जावेद अख्तर,इम्तियाज अली और मानव कौल सहित कई प्रमुख साहित्यकार,लेखक व कवि शामिल होंगे ।

## विधानसभा चुनाव के कारण दिल्लीवासियों को नहीं मिलेगी शराब, बिना अनुमति परोसने पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मतदान के दिन तीन से पांच फरवरी और आठ फरवरी को नतीजे घोषित होने तक दिल्ली में शराब की दुकानें और शराब परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठान बंद रखने का आदेश दिया है। दिल्ली उत्पाद शुल्क आयुक्त द्वारा हाल ही में जारी एक गजट अधिसूचना में 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में मतदान के दिन और मतगणना के दिन विभिन्न उत्पाद लाइसेंस के लिए उत्पाद शुल्क नियम-2010 के तहत शुष्क दिन घोषित किया गया है। आदेश दिया गया है कि विधानसभा चुनाव के 3 फरवरी की शाम 6 बजे से 5 फरवरी की शाम 6 बजे तक शुष्क दिवस मनाया जाएगा और फिर 8 फरवरी को मतगणना का दिन होगा। अधिसूचना में कहा गया है कि शुष्क दिनों के दौरान, किसी भी शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब और शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठानों को किसी को भी शराब बेचने या परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## राष्ट्रपति ट्रंप का पुतिन पर बड़ा हमला, बोले- यूक्रेन में युद्ध छेड़कर रूस को नष्ट कर रहे हैं Putin



**बर्लिन, 22 जनवरी [एजेंसी]।**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण समारोह की प्रशंसा करते हुए कहा कि ट्रंप ने अपने अभियान में साहस दिखाया और चुनाव में विश्वसनीय जीत हासिल की। वहीं, शपथ ग्रहण के कुछ ही देर बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन के बारे में अब तक की सबसे आलोचनात्मक टिप्पणियां कीं, जिसमें उन्होंने कहा कि रूसी नेता यूक्रेन में युद्ध छेड़कर रूस को नष्ट कर रहे हैं। सोमवार को ओवल ऑफिस लौटने पर पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने पुतिन से शांति समझौते की मांग की तथा इस बात पर जोर दिया कि लंबे समय से चल रहे संघर्ष से रूस को नुकसान हो रहा है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें समझौता करना चाहिए। मुझे लगता है कि रूस बड़ी मुसीबत में पड़ने वाला है। ट्रंप ने कहा कि पुतिन के साथ बैठक की योजना चल रही है।

रूसी नेता के साथ अपनी पिछली बातचीत पर ट्रंप ने कहा कि उनके साथ मेरे अच्छे संबंध है, मैं आशा करता हूं कि वह समझौता करना चाहेंगे। रुस-यूक्रेन युद्ध पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने ने कहा कि अधिकांश लोगों ने सोचा था कि युद्ध लगभग एक सप्ताह में समाप्त हो जाएगा, लेकिन तीन साल तक लंबा खीच गया है। इससे रूस की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है।एएनआइ के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि उनका प्रशासन एक फरवरी से मैक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना बना रहा है। इस संबंध में ट्रंप ने कहा कि हम मैक्सिको और कनाडा पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बारे में सोच रहे हैं, क्योंकि वे बड़ी संख्या में लोगों को आने की अनुमति दे रहे हैं। उन्होंने कनाडा और चीन से आयात पर टैरिफ लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने संकेत दिया है कि वे टैरिफ के इस्तेमाल को दोगुना कर सकते हैं, उनका दावा है कि इससे अमेरिका को आर्थिक लाभ होगा।

द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 के अभियान के अंतिम दिनों में ट्रंप ने धमकी दी थी कि यदि मैक्सिकन सरकार दक्षिणी सीमा पर प्रवासियों के प्रवाह को कम नहीं करती है, तो वह मैक्सिको से सभी आयातों पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगा देंगे। मैक्सिको अमेरिका का शीर्ष व्यापारिक साझेदार है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने मंगलवार को वीडियो काल के जरिये एक घंटा 35 मिनट तक बातचीत की। दोनों नेताओं ने इस पर चर्चा की कि अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ कैसे संबंध बनाए जाएं। उन्होंने यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए शांति समझौते की संभावनाओं और ताइवान को लेकर बीजिंग के रुख पर मॉस्को के समर्थन पर भी चर्चा की।

## ग्वालियर में महिला को खंभे से बांधकर पीटा, मां से भी बर्बरता, सराफा कारोबारी समेत 15 लोगों पर FIR दर्ज

**ग्वालियर, 22 जनवरी [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश के ग्वालियर की डबरा तहसील में एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक विवाद के चलते महिला को खंभे से बांधकर पीटा गया है। मकान खाली करने को लेकर विवाद में सराफा कारोबारियों के कर्मचारियों ने किराएदार युवती को खंभे से बांधकर पीटा। उसकी मां की भी पिटाई की गई।घटना से पहले सराफा कारोबारी की पत्नी और मां-बेटी में विवाद हुआ था। विवाद में दोनों ने महिलाओं ने कारोबारी की पत्नी पर पथराव किया था। इसके बाद वहां कर्मचारियों ने बर्बरतापूर्ण घटना को अंजाम दिया।सूचना मिलने पर डबरा सिटी थाना प्रभारी यशवंत गोयल मौके पर पहुंचे। खंभे से बंधी महिला को छुड़ाया। पुलिस ने इस मामले में 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इनमें चार को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। घटना के अनुसार डबरा की कमलेश्वर कालोनी में सराफा कारोबारी विजय सर्राफ के पुराने मकान में लीला शर्मा और नेहा शर्मा लंबे समय से किराएदार हैं। मकान खाली कराए जाने को लेकर मामला कोर्ट में भी चल रहा है। इसी मकान के सामने एक मंदिर में कारोबारी की पत्नी कुक्की अग्रवाल पूजा करने पहुंची थीं। इसी दौरान मां-बेटी का उनसे विवाद हो गया। महिलाओं ने कारोबारी के पत्नी पर पथराव करना शुरू कर दिया, जो वहां पूजा




करने पहुंची कालोनी के अन्य महिलाएं भी दहशत में आ गईं। उधर कारोबारी विजय को जब इसकी सूचना मिली तो उन्होंने कर्मचारियों को वहां भेजा, वहीं मंदिर पर पूजा के लिए पहुंची अन्य महिलाओं के स्वजन भी पहुंच गए। उन्होंने महिलाओं के साथ मारपीट करना शुरू कर दी। विरोध किया तो किया तो आरोपितों ने युवती को बिजली के खंभे से बांध दिया व पीटना शुरू कर दिया। हंगामा होते देख वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।पीड़ितों की ओर से कृष्ण शर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि कुछ लोग उनके घर में घुसकर मारपीट की इसके बाद उसकी मां लीला शर्मा, बहन नेहा और गोरी के साथ मारपीट कर सामान बाहर फेंक दिया। बहन को बिजली के खंबे से बांध दिया।

सिटी थाना प्रभारी यशवंत गोयल ने बताया कि इस मामले में सराफा कारोबारी विजय अग्रवाल, उनकी पत्नी कुक्की अग्रवाल, हरेंद्र, विकास रावत, पहलवान दाऊ, सूरज अहिरवार, राम हरि करण, राजकुमार साहू, डीके रावत और 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

जब सूचना मिली तब पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने छुड़वाया व चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।बताया जाता है कि पुराने मकान पर कब्जे को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा है। आरोप है कि वहां कोई भी मकान खाली कराने पहुंचता है तो मां-बेटी द्वारा पत्थरबाजी कर दी जाती थी। कारोबारी की पत्नी ने जनसुनवाई के अलावा थाने में भी आवेदन दिया था कि मकान काफी पुराना है।मरम्मत कराने को लेकर लोगों को भेजा जाता है तो मां-बेटियों द्वारा गाली गलौज व पत्थरबाजी की जाती है। मंगलवार को जब मंदिर में जब कुछ लोग दर्शन करने गए तो इसी दौरान भी पथराव हुआ तो माहौल बिगड़ गया।

## ट्रंप के तेवर से बांग्लादेश बेचैन, नीतियों में महत्वपूर्ण बदलाव! क्या होगा यूनुस सरकार का स्टैंड



**ढाका, 22 जनवरी [एजेंसी]।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद से ही ढाका में कई विश्लेषकों ने आशंका जताई है कि आने वाले दिनों में बांग्लादेश को लेकर अमेरिकी नीतियों में महत्वपूर्ण बदलाव हो सकते हैं। बांग्लादेश में मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार अगस्त 2024 में सत्ता में आने के बाद से ही देश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदूओं को निशाना बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बैकफुट पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमलों की निंदा की थी। ट्रंप ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में हिंदू अमेरिकियों को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए बांग्लादेश की कड़े शब्दों में आलोचना की थी। उन्होंने 31 अक्टूबर को लिखा, मैं हिंदुओं, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ बर्बर हिंसा की कड़ी निंदा करता हूं। बांग्लादेश में उन पर भीड़ द्वारा हमला किया जा रहा है और लूटपाट की जा रही है। वह देश पूरी तरह से अराजकता की स्थिति में है।

उन्होंने कहा, मेरे कार्यकाल में ऐसा कभी नहीं होता.. हम कट्टरपंथी वामपंथियों के धर्म-विरोधी एजेंडे से हिंदू अमेरिकियों की भी रक्षा करेंगे। हम आपकी स्वतंत्रता के लिए लड़ेंगे। मेरे प्रशासन में हम भारत और मेरे अच्छे मित्र प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी महान साझेदारी को भी मजबूत करेंगे। हालांकि, पिछले महीने यूनुस सरकार ने वाशिंगटन में आने वाले प्रशासन की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाने की कोशिश की थी और कहा था कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद भी पांच दशक पुराना रिश्ता अपरिवर्तित रहेगा। लेकिन, स्थानीय विशेषज्ञों का भी मानना है कि ढाका के लिए आगे का रास्ता कठिन है। डेली स्टार अखबार के मुताबिक, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि वह अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से वापस लाने के लिए अपने प्रयास जारी रखेगी और यदि आवश्यक हुआ तो अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग करेगी। कानून सलाहकार आसिफ नजरूल ने यहां सचिवालय में कहा कि यदि नई दिल्ली हसीना को वापस करने से इनकार करती है, तो यह बांग्लादेश और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि का उल्लंघन होगा। 77 वर्षीय हसीना पिछले साल पांच अगस्त से भारत में रह रही हैं। छात्रों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद उन्होंने बांग्लादेश छोड़ दिया था।

# त्वचा की देखभाल करने में मदद कर सकता है चकोतरा, जानिए इस्तेमाल करने के तरीके

त्वचा की देखभाल करने के लिए महिलाएं महंगे उत्पादों का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, कई ऐसे फल भी होते हैं, जो त्वचा की रंगत को निखाने में योगदान देते हैं।

ऐसा ही एक फल है चकोतरा, जिसे ग्रेपफ्रूट भी कहा जाता है। इस फल में अच्छी मात्रा में विटामिन-ष्ट मौजूद होता है और यह त्वचा को हाइड्रेट करता है।

अगर आप त्वचा की देखभाल में इन तरीकों से चकोतरे को शामिल करेंगे, तो आपको बेदाग और चमकती हुई त्वचा मिलेगी।



चकोतरे और दही का स्क्रब

सामग्री: एक चम्मच सादी दही, एक चम्मच चीनी और एक बड़ा चकोतरा।

विधि: चकोतरे और दही का स्क्रब बनाने के लिए सबसे पहले चकोतरे का ताजा जूस निकाल लें। अब एक कटोरे में यह जूस डालें और उसमें चीनी और दही मिलाएं।

इस स्क्रब को अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से रगड़ें। कुछ देर बाद अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

फायदे: इसके जरिए आपकी त्वचा एक्सफोलिएट हो जाएगी और मृत त्वचा कोशिकाएं दूर होंगी।

चकोतरे और एलोवेरा का टोनर

सामग्री: एक बड़ा चकोतरा, एक चम्मच ताजा एलोवेरा जेल और आधा कप पानी।

विधि: चकोतरे और एलोवेरा का टोनर बनाने के लिए चकोतरे का जूस निकाल लें। अब एक साफ स्प्रे बोतल लें और उसमें यह जूस डालें।

इसमें एलोवेरा जेल और पानी डालें और अच्छी तरह हिलाएं। अपने चेहरे को धोने के बाद इस टोनर का इस्तेमाल करें।

फायदे: इस टोनर के जरिए आपकी त्वचा हाइड्रेट हो जाएगी और आपको जलन से छुटकारा मिलेगा।

चकोतरे और एवोकाडो का फेस पैक

सामग्री: आधा एवोकाडो, एक छोटे आकार का चकोतरा और एक चम्मच जैतून का तेल।

विधि: इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले एवोकाडो को मीस लें और चकोतरे का जूस निकाल लें।

अब एक कटोरे में इन दोनों सामग्रियों को मिलाएं और जैतून का तेल भी शामिल करें। इस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं, 15 से 20 मिनट तक सुखाएं और धो लें।

फायदे: यह फेस पैक आपके चेहरे को निखार देगा और त्वचा को मुलायम बनाएगा।

चकोतरे, चीनी और अंगूर के बीज के तेल का स्क्रब

सामग्री: आधा चकोतरा, 3 चम्मच अंगूर के बीज का तेल और 2 से 3 चम्मच चीनी।

विधि: चकोतरे, चीनी और अंगूर के बीज के तेल का स्क्रब बनाने के लिए सबसे पहले चकोरते का जूस निकालें। अब एक कटोरे में तीनों सामग्रियों को मिला लें।

ध्यान रहे की चीनी पूरी तरह से घुल न जाए। इसे चेहरे पर लगाएं, हल्के हाथों से रगड़ें और पानी से धो लें।

फायदे: इसके जरिए त्वचा एक्सफोलिएट होगी और गहराई से साफ हो जाएगी।

चकोतरे और खीरे का फेस पैक

सामग्री: आधा चकोतरा और आधा खीरा।

विधि: चकोतरे और खीरे का फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को छीलकर बड़े टुकड़ों में काट लें। अब एक ब्लेंडर में इन्हें डालें और चकोतरा शामिल करके पीस लें।

इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट सूखने दें। जब यह पैक सूख जाए तो इसे गुनगुने पानी से धो लें।

फायदे: इस पैक को लगाने से त्वचा हाइड्रेट होगी और आपको प्राकृतिक निखार मिलेगा।

# स्वीट ड्रीम्स में महात्वाकांक्षी है मेरा किरदार : मिथिला पालकर

अपकमिंग फिल्म 'स्वीट ड्रीम्स' का ट्रेलर आउट हो चुका है। रिलीज को लेकर उत्साहित अभिनेत्री मिथिला पालकर ने अपने किरदार दीया के बारे में प्रशंसकों को बताया कि वह महत्वाकांक्षी है और सामान्य जीवन से कुछ अधिक पाने की चाह रखती है।



विक्टर मुखर्जी के निर्देशन में तैयार 'स्वीट ड्रीम्स' सपनों की दुनिया से जुड़े दो अजनबियों की कहानी है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए मिथिला पालकर ने कहा, दीया की कहानी ऐसी है जिसे कई लोग आसानी से खुद के साथ जोड़ पाएंगे। वह थोड़ा उलझनों में रहती है और महत्वाकांक्षी है। वह कुछ पाने की चाह रखती है। केनी के साथ उसके सपने केवल रोमांस की वजह से नहीं जुड़े हैं।

उन्होंने कहा, मेरे लिए इस फिल्म की शूटिंग एक भावनात्मक सफर की तरह थी और मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर दर्शकों को उस जादू की झलक देगा जिसे हमने बनाने की कोशिश की है। विक्टर सर की दूरदर्शिता और अमोल जैसे शानदार सह-कलाकार के बिना यह संभव नहीं हो सकता था। डिज्नी प्लस हॉटस्टार जैसे प्लेटफॉर्म के साथ हमें उम्मीद है कि हम अपनी फिल्म की मदद से काफी आगे बढ़ने में सफल होंगे।


फिल्म में अमोल पाराशर, मेयांग चांग और सौरसेनी मैत्रा भी अहम रोल में हैं। मुकुंद सूर्यवंशी, शुभम शिरुले, देव अरिजीत और आकाशदीप सेनगुप्ता की प्रतिभाशाली टीम द्वारा तैयार फिल्म का साउंडट्रैक, मनमौजी और आनंद से भरा है।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अमोल पाराशर ने कहा, केनी एक ऐसा किरदार है जो अपने अतीत और मार्मिक संबंध की संभावना के बीच फंसा हुआ है। इस किरदार को निभाना गहरा और संतोषजनक अनुभव था। ट्रेलर दिखाता है कि कैसे स्वीट ड्रीम्स वास्तविकता को काल्पनिकता के साथ खूबसूरती से जोड़ता है। मुझे खुशी है कि मुझे ऐसा किरदार निभाने का मौका मिला, जहां मैं व्यक्तिगत रूप से अपने जीवन के साथ समानताएं खींच सकता था और एक प्रतिभाशाली सह-कलाकार मिथिला पालकर के साथ ऐसा कर रहा हूं।

निर्देशक विक्टर मुखर्जी ने कहा, स्वीट ड्रीम्स सिर्फ एक प्रेम कहानी से कहीं बढ़कर है। यह शानदार यात्रा है, जो असाधारण संभावनाओं को तलाशती है, जबकि अक्सर वर्तमान की सुंदरता को अनदेखा कर देती है। फिल्म के जरिए मैं दर्शकों को फिल्म के शानदार, लेकिन जमीनी लहजे का स्वाद चखाना चाहता था। मैं इस बात से रोमांचित हूं कि मिथिला और अमोल ने केनी और दीया के किरदार को शानदार अंदाज में निभाया है। उम्मीद करता हूं कि दर्शक इसका आनंद लेंगे। स्वीट ड्रीम्स 24 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## लोगों को नहीं पता खजूर खाने का सही तरीका, कहीं आप भी तो गलत तरीके से नहीं कर रहे सेवन

खाली पेट अखरोट, बादाम, अंजीर और दलिया जैसी कई चीजों का सेवन करना अच्छा माना जाता है। यह आपके शरीर को एनर्जी देता है और वेट लॉस में भी मदद करता है। लेकिन हर हेल्दी चीज शरीर के लिए फायदेमंद नहीं होती है। बता दें कि सुबह के समय खजूर खाना बेहद खतरनाक हो सकता है। क्योंकि यह खजूर के सेवन का सही समय नहीं है। अधिकतर लोग खजूर खाने का सही तरीका नहीं जानते होंगे। जिस वजह से उनके शरीर को नुकसान पहुंच सकता है।



हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो इन 4 चीजों को सुबह खाली पेट नहीं खाना चाहिए। क्योंकि यह नाश्ते के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। वहीं खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से पेट को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में अगर आप भी अपनी संभावित उम्र बढ़ाना चाहती हैं, तो आपको भी सुबह खाली पेट इन 4 चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए।

**खजूर**-बता दें कि खाली पेट खजूर खाने से बचना चाहिए। क्योंकि इसके अंदर 90 फीसदी सिर्फ शुगर होती है। अगर आप खजूर खाना चाहते हैं, तो आप इसको देसी घी के साथ खा सकते हैं। वहीं इसके साथ में काजू-बादाम जैसे नट्स का सेवन जरूर करें।

**चीनी वाली चाय**-अगर आप भी सुबह उठकर सबसे पहले चाय या कॉफी का सेवन करते हैं, तो यह आदत गलत है। या तो आप चाय या कॉफी में चीनी की मात्रा कम कर दें या फिर इसका सेवन करने से बचें। हेल्थ एक्सपर्ट इसकी जगह स्टीविया जैसे नॉन न्यूट्रिटिव स्वीटनर का इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं।

**चाय के साथ बिस्कुट**-बहुत सारे लोगों को चाय में बिस्कुट डुबोकर खाने की आदत होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाली पेट यह चाय के साथ बिस्कुट खाने की यह आदत आपको नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसकी जगह घी लगा खाखरा खाना बेस्ट आइडिया हो सकता है।

**माल्ट बेस्ड ड्रिंक**-बाजार में कई सारी माल्ट बेस्ड ड्रिंक आती है। यह माल्ट बेस्ड ड्रिंक मसल्स, ताकत या हाइट बढ़ाने का दावा करती हैं। इसकी जगह आप बच्चों को ठंडा या गुनगुना दूध देना शुरू कर दें। इसके अंदर नेचुरल शुगर के लिए आप शहद, हल्दी या चीनी आदि भी डाल सकते हैं।

## खाना खाने के तुरंत बाद लग जाती है भूख? जानिए ऐसा होने के कारण



कई बार ऐसा होता है कि भोजन करने के बाद भी पेट नहीं भरता और भूख लगती रहती है। ज्यादातर लोग ऐसा होने के कारण से अनजान हैं, लेकिन स्वास्थ्य के लिहाज से इन्हें जानना जरूरी है।

अगर आप संतुलित डाइट नहीं लेते या अधिक ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाला खाना खाते हैं तो इसका तृप्ति की भावना पर असर पड़ता है।

आज के लेख में हम जानेंगे कि भोजन करने के बाद भी पेट न भरने के कारण क्या हैं।

**संतुलित डाइट न लेना**

पेट भरने के लिए संतुलित डाइट लेना बेहद जरूरी होता है, जिसमें सभी पोषक तत्व मौजूद हों। हालांकि, जिन लोगों के खान-पान में प्रोटीन, फाइबर और स्वस्थ वसा कि कमी होती है, उन्हें बार-बार भूख महसूस हो सकती है।

भोजन की तृप्ति प्रदान करने की क्षमता उसमें मौजूद प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा और फाइबर की मात्रा पर निर्भर करती है।

ये तत्व भूख वाले हार्मोन को नियंत्रित करते हैं और पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखते हैं।

**जल्दी-जल्दी भोजन करना**

जल्दी-जल्दी खाना और भोजन को ठीक तरह से न चबाना भी तृप्ति की भावना पर असर डाल सकता है।

जब आप बहुत जल्दी-जल्दी खाते हैं, तो आप अपने दिमाग को यह महसूस करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दे पाते कि आपका पेट भर गया है।

ऐसा इसलिए है, क्योंकि पेट दिमाग को यह संकेत भेजने में कम से कम 20 मिनट का समय लगाता है। इसके परिणामस्वरूप, आपको बार-बार भूख लग सकती है और आपका वजन बढ़ सकता है।

**तनाव का शिकार होना**

कई लोग तनाव से निपटने के लिए स्ट्रेस ईटिंग करने लगते हैं। इसका मतलब होता है चिंता को दूर करने के लिए भूख से अधिक खाना।

ऐसा करने से कोर्टिसोल के स्तर में वृद्धि होने लगती है और तृप्ति की भावना पर असर पड़ता है।

एक अध्ययन में कहा गया है कि ऐसे लोगों को भूख लगने पर नहीं, बल्कि भावनाओं के असंतुलित होने पर भोजन करने की इच्छा जगती है।

**अधिक जीआई वाला भोजन करना**

किसी भोजन का ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) आपके ब्लड शुगर के स्तर के प्रभाव से मापा जाता है। कार्ब्स या शर्करा से भरपूर भोजन ब्लड शुगर के स्तर में तेजी से वृद्धि और उसके बाद गिरावट का कारण बन सकता है।

यह भी बार-बार भूख लगने का एक कारण हो सकता है। ऐसे में आपको अधिक जीआई वाले खाद्य पदार्थों का सेवन बंद कर देना चाहिए और संतुलित डाइट लेनी चाहिए।

**डिहाइड्रेशन होना**

कभी-कभी प्यास लगने पर भी लोग भोजन कर लेते हैं, क्योंकि वह प्यास और भूख के बीच का अंतर नहीं समझ पाते हैं। इसका मुख्य कारण होता है डिहाइड्रेशन या पानी की कमी।

तो अगली बार जब आपको खाने के बाद भूख लगे तो एक गिलास पानी पिएं। जब आप अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहेंगे, तो आपका पेट भी साफ रहेगा, तृप्ति की भावना भी बढ़ेगी और बार-बार भूख नहीं लगेगी।

## करिश्मा तन्ना ने एथनिक आउटफिट पहन फैंस के बीच बरपाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख फैंस खो बैठे होश



टीवी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स से फैंस को दीवाना बना देती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं, जिसमें वो काफी ज्यादा सुंदर और स्टनिंग नजर आ रही हैं।

करिश्मा तन्ना आए दिन अपनी हॉटनेस इंटरनेट का पारा हाई कर देती हैं। उनका किलर और ग्लैमरस अवतार देखकर अक्सर फैंस उनकी फोटोज पर लाइक्स करते नहीं थकते हैं।

हाल ही में करिश्मा तन्ना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ बेहद ही ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने इंडो-वेस्टर्न लुक में रेड ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बालों को वेवी स्टाइल में लुक कर के, गले में नेकलेस और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना की इन तस्वीरों पर फैंस ने जमकर लाइक्स किया है। वहीं, कुछ यूजर्स गॉर्जियस, वाओ, चार्मिंग, सो ब्यूटिफुल कॉमेंट्स कर के लिख रहे हैं।

करिश्मा तन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

## शब्द सामर्थ्य -304

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 303 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

# सर्दियों में आंखों की थकान को दूर करने के लिए इन 4 आदतों को जरुर अपनाएं

आज के इंटरनेट के जमाने में लोग स्मार्टफोन या फिर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल अधिक करने से कई बार हमारी आंखें थक जाती है, जिससे काफी थकान आंखों में महसूस होती है। आंखों की थकान को दूर करने के लिए आप भी रोजाना इन 5 आदतों का अपना सकते हैं।

इस डिजिटल युग में आंखों की थकान एक आम चिंता बन गई है। काम और मनोरंजन के लिए कंप्यूटर, मोबाइल फोन, टैबलेट और अन्य गैजेट पर निर्भरता से छुटकारा पाना बहुत मुश्किल हो गया है। ये डिवाइस अक्सर तनाव का कारण बनते हैं जिससे असुविधा, धुंधली दृष्टि, सिरदर्द और सूखापन होता है। नीली रोशनी के लंबे समय तक संपर्क में रहने से मायोपिया और डिजिटल आई स्ट्रेन सिंड्रोम का खतरा भी बढ़ सकता है। आंखों की थकान को दूर करने के लिए आप इन आदतों को अपना सकते हैं।



**बेहतर नींद**

आंखों के लिए अच्छी नींद लेना भी काफी जरुरी है। अच्छी नींद के कारण आंखों की ताजगी को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक है। यदि आप रोजाना रात में पर्याप्त नींद लेते हैं, तो आपकी आंखें और मस्तिष्क सुबह आराम महसूस करेंगे। देर रात तक अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से थकान हो सकती है।

**स्क्रीनटाइम ब्रेक लेना**

अगर आप स्क्रीनटाइम से बार-बार ब्रेक लेना आपकी आंखों को तरोताजा बनाएं रखने में मदद करती है। इसके अलावा आप खड़े होकर स्ट्रेच कर सकते हैं और अलग-अलग चीजों को देखकर अपना ध्यान बदल सकते हैं। यह तरीका आपके कंप्यूटर पर लंबे समय तक काम करने के समय होने वाला तनाव कम करने में मदद करता है।

**पलक झपकाना**

थकी हुई आंखों को आराम देने के लिए आप पलकें झपकाना एक और प्रमुख कारक है जो आपकी आंखों को नम रखने में मदद करती है। आपको बता दें कि, कंप्यूटर या मोबाइल स्क्रीन के लंबे समय तक संपर्क में रहने से आपकी पलकें झपकने की दर में भारी कमी आ सकती है।

**लाइट व्यवस्था को अनुकूल करें**

हमारे आसपास मौजूद रोशनी भी आंखों को स्वास्थ्य को बेहतार बनाने में मदद करता है। पढ़ते या लिखते समय प्रकाश का स्त्रोत को अपने पेज या काम पर रखने की कोशिश करें। यदि आप भी वर्क डेस्क पर छायादार रोशनी का इस्तेमाल करने से रोशनी सीधे आपकी आंखों में जाने से रोकने में मदद मिल सकती है। जब आप टीवी देखते हैं तो कमरे की हल्की लाइट कर सकते हैं।

## जिले के शासकीय अस्पताल में डेढ़ साल से नहीं है स्त्री रोग विशेषज्ञ

**बलरामपुर।** बलरामपुर रामानुजगंज जिला चिकित्सालय में विगत डेढ़ साल से स्त्री एवं प्रसूति रोगी विशेषज्ञ डॉक्टर के नहीं रहने से प्रत्येक माह 20 से 30 ऑपरेशन से डिलीवरी के मरीजों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर करना पड़ रहा है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ नहीं होने से प्रतिदिन ओपीडी में पहुंचने वाले महिला मरीजों को भी काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है जिला चिकित्सालय में जल्द स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के पदस्थापन की आवश्यकता है।

गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय में प्रत्येक माह नॉर्मल डिलीवरी 80 से 85 की संख्या में होती है।वही प्रत्येक माह करीब 20 से 30 डिलीवरी के लिए ऑपरेशन की आवश्यकता होती है परंतु विगत 18 महीने से स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ नहीं रहने कारण मरीज को मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर किया जा रहा है जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला चिकित्सालय में जिले के दूरस्थ विकासखण्डों से मरीज पहुंचते हैं परंतु स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ नहीं होने कारण उन्हें अंबिकापुर का रुख करना पड़ता है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ नहीं होने के कारण कई बार डिलीवरी के मरीजों की स्थिति बिगड़ जाती है तो ऐसी स्थिति में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की आवश्यकता होती है परंतु नहीं रहने से काफी गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ जाता है यहां से अंबिकापुर जाने में सड़क खराब वही दूरी के कारण मरीज की स्थिति खराब होने की संभावना बनी रहती है। बलरामपुर रामानुजगंज जिले में जिला चिकित्सालय सहित तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़, रघुनाथनगर एवं राजपुर है वहीं सिविल हॉस्पिटल रामानुजगंज वाड्रफनगर एवं कुसमी है वहीं 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 129 उप स्वास्थ्य केंद्र है परंतु पूरे जिले में वर्तमान में एक भी स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने से काफी परेशानी का सामना मरीजों को करना पड़ रहा है। इस संबंध में जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन शशांक गुप्ता ने बताया कि कलेक्टर एवं सीएमएचओ के निर्देश पर स्त्री रोग विशेषज्ञ के भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया था प्रयास किया जा रहा है कि जिला चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ की कमी जिला चिकित्सालय जल्द दूर हो।

# राजनीतिक पार्टियों के लिए नाक का सवाल बना नगर पंचायत पटना



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के एकमात्र नगर पंचायत पटना का चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिए नाक का सवाल बनकर रह गया है जहां पर अभी तक भाजपा ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं तो वही कांग्रेस पार्टी भी अभी तक कोई निर्णय लेने के लिए निर्णायक भूमिका में नजर नहीं आ रही है। वैसे नगर पंचायत पटना भाजपा तथा कांग्रेस के लिए करो या मरो की स्थिति में दिख रही है। भाजपा जहां पर पूर्व सरपंच को चुनाव में खड़ा कर सकती है तो वही कांग्रेस पार्टी पटना क्षेत्र के दिग्गज नेता यवत कुमार सिंह, योगेश शुक्ला, तथा चुनाव प्रभारी अशोक जायसवाल के पसंद को तवज्जो दे सकती है। वैसे भी पटना क्षेत्र में लोकप्रियता के मामले में यवत कुमार सिंह तथा योगेश शुक्ला की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। मामला चाहे जो भी हो लेकिन नगरी निकाय चुनाव में कोरिया जिले में एकमात्र नगर पंचायत पटना राजनीतिक पार्टियों सहित निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए चुनावी पारा बड़ा कर रख दिया है। राजनीतिक पार्टियों से हटके अगर देखा जाए तो नगर पंचायत पटना में निर्दलीय उम्मीदवार भी राजनीतिक पार्टियों की समीकरण बिगड़ना में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यहां पर विशेष ध्यान देने की बात यह है कि पूर्व में ग्राम पंचायत रहते हुए ग्राम पंचायत में कराए गए कार्य तथा पंचायत प्रतिनिधियों की लोकप्रियता भी महत्वपूर्ण भूमिका रखेगी। मामला चाहे जो भी हो लेकिन राष्ट्रीय पार्टी सहित निर्दल उम्मीदवार भी अपनी पहुंच का एहसास करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं लेकिन राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों के ऊपर नगर पंचायत पटना का चुनाव महत्वपूर्ण रहेगा।

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025

## निर्वाचन की तैयारी पर कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**कोरिया बैकुंठपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन के अंतर्गत नगर पंचायत पटना में 22 जनवरी से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी नोडल अधिकारियों और उनके सहायकों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने मतदान दलों के गठन, प्रशिक्षण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान दलों को समय पर प्रशिक्षित किया जाए और आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाए। साथ ही, उन्होंने संपत्ति विरूपण की कार्यवाही सतत जारी रखने पर जोर दिया। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। प्रभारी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया कि कोई कमी न हो। बैठक में आगामी राष्ट्रीय पर्व के लिए झांकियों की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने झांकियों के प्रस्तुतीकरण में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से बचने के निर्देश दिए। इस बैठक में वनमंडलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलखो, एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, राकेश साहू सहित सभी विभागीय अधिकारी और निर्वाचन स्टाफ उपस्थित रहे।

## रेस्टोरेंट से नकदी सहित मोबाइल पर किया हाथ साफ

**रायपुर।** मरीन ड्राइव स्थित हल्दीराम रेस्टोरेंट का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर ने केश काउंटर में रखे नकदी 22239 रुपए और सेमसंग मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## भालू के हमले से तीन घायल

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में भालुओं का आतंक जारी है. चारामा वन परिक्षेत्र के कुरुंभाट गांव में आज सुबह फिर से मॉर्निंग वॉक पर निकले शख्स पर 3 भालुओं ने हमला कर दिया. इस घटना में शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया. तीनों भालुओं ने मिलकर उसकी खोपड़ी तक खोल दी।

ग्रामीणों ने तत्काल घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया और इसकी सूचना वन विभाग को दी. फिलहाल घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है.बता दें, कांकेर वन मंडल से लगातार भालू के हमलों की खबर सामने आते रहती है. दो दिन पहले भी डोगरकट्टा गांव में भालू के हमले से दो लोगों की मौत और दो लोग घायल हो चुके हैं।

## पुलिस फाइटर ने जीता टीटीएल क्रिकेट प्रतियोगिता, डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने दी जीत की बधाई




**सूरजपुर।** विश्रामपुर में आयोजित टीटीएल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाईनल मैच में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करने वाली विजेता पुलिस फाइटर की टीम को डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने जीत की बधाई दी तथा पूरी टीम को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पुलिस फाइटर व एकेडमिक ईगल के मध्य खेला गया, जिसमें पुलिस फाईटर की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर फाईन मैच को 13 रनों से अपने नाम किया।

सोमवार, 20 जनवरी 2025 को विजेता टीम जिला पुलिस कार्यालय पहुंची जहां डीआईजी व एससपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने टीम की हौसला अफजाई करते हुये जीत की बधाई दी और कहा कि खेलकूद व व्यायाम हमारे शारीरिक तथा मानसिक विकास के लिये जरुरी है। व्यस्त दिनचर्या में खेलकूद मानसिक स्ट्रेस के दूर करता है तथा शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ देता है। इस प्रकार के प्रतियोगिताओं से विभिन्न विभागों का आपस में उचित तालमेल व समन्वय भी बना रहता है। इस दौरान टीम हेड राजेश जोशी, टीम ऑनर फर्दीनंद कुजूर, टीम मेन्टोर विजय राजवाड़े, मैच के कप्तान अविनाश सिंह, उप कप्तान अरविन्द बबलू, खिलाड़ी मनी प्रसाद राजवाड़े, अशोक गिरी, सैजी सिंह, बंटी, चंदरसाय राजवाड़े (मैन ऑफ द मैच), अमन किण्डो (बेस्ट बैटसमैन), योगेश्वर सिंह, राणा, राजेन्द्र प्रताप राजवाड़े, चंदू सिंह, सरोज राजवाड़े, अमन सिंह, संदीप, विक्रांत तिवारी मौजूद रहे।

नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिए दिया गया कर्मियों को प्रशिक्षण

## निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता में मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका महत्वपूण: कलेक्टर



**कोरिया बैकुंठपुर।** आगामी पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों को निष्पक्ष और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए मास्टर ट्रेनरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया और मास्टर ट्रेनरों को उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, मास्टर ट्रेनर निर्वाचन प्रक्रिया की रीढ़ हैं। उनके प्रशिक्षण से ही मतदान केंद्रों पर निष्पक्ष और व्यवस्थित प्रक्रिया सुनिश्चित होती है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में पंचायत चुनाव दो चरणों में होंगे, जबकि नगरीय निकाय चुनाव एम2 सीरीज ईवीएम के माध्यम से कराए जाएंगे। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों से ईवीएम की तकनीकी जानकारी और संचालन प्रक्रिया को अच्छी तरह से समझने और प्रशिक्षण सत्रों के दौरान इसे सटीकता से प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। श्रीमती त्रिपाठी ने पंचायत चुनावों की संवेदनशीलता पर जोर देते हुए कहा कि पंचायत चुनावों में जीत और हार का अंतर अक्सर बहुत कम होता है, जिससे मतगणना प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। मतपत्रों की गिनती में सतर्कता और सटीकता सुनिश्चित करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने मास्टर ट्रेनरों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहें और केवल प्रमाणित जानकारी साझा करें। उन्होंने बताया कि मास्टर ट्रेनरों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के साथ छोटे दलों में तैनात किया जाएगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति का कुशल प्रबंधन किया जा सके। डॉ. चतुर्वेदी ने मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिया कि वे निर्वाचन कार्य में असमर्थ कर्मचारियों की सूची तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय को सौंपें। सत्र के दौरान मास्टर ट्रेनरों को उनकी जिम्मेदारियों के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 40 मास्टर ट्रेनरों ने भाग लिया।

## पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को स्थानीय चुनाव के दौरान सावधानी पूर्वक कार्य निष्पादन करना होगा, विभाग ने की अपेक्षा



**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 को निर्भीक एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने, सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने थाना-चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। उन्होंने इसका कड़ाई से पालन करने कहा। उन्होंने आयोग के दिशा-निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को सौंपे गए दायित्वों को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। डीआईजी व एसएसपी श्री ठाकुर ने कहा कि सभी थाना-चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केन्द्र का भ्रमण करें।

आपराधिक किस्म के व्यक्तियों के विरूद्व जिला बदर की कार्यवाही, निगरानी व गुण्डा हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु रिकार्ड छांटकर भेजने के निर्देश दिए। चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही सुनिश्चित कराने, सूरजपुर जिला अंतरजिला व अंतर्राज्यीय सीमा से लगा हुआ है। जहां से अवैध गतिविधियां की संभावना को देखते हुए यहां 24 घंटे कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर सहित जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ, 27 हजार से अधिक बच्चों को मिलेगा लाभ




**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ जिला अस्पताल टीकाकरण केंद्र में किया गया। यह कार्यक्रम 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। शिशु संरक्षण माह के तहत 6 माह से 59 माह तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाना है। इस दौरान बच्चों को विटामिन ए और आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) सिरप पिलाई जाएगी। इसके साथ ही कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र भेजा जाएगा और गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण, आयरन फोलिक एसिड टैबलेट और प्रसव संबंधी जागरूकता दी जाएगी। जिले में विटामिन ए पिलाने वाले बालक-13,587, बालिका- 13,593, आईएफए सिरप लेने बालक 14,470,बालिका 14,309 है। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों का वजन लेना, एचबी जांच, नियमित टीकाकरण और अति-कुपोषित बच्चों की पहचान जैसे कार्य शामिल हैं। साथ ही, गर्भवती महिलाओं को प्रसव के तुरंत बाद स्तनपान कराने और संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना, सोनहत और बचरापोड़ी में भी शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा, यह अभियान बच्चों और महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि सभी लाभार्थी तक यह सेवाएं पहुंचे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों और अधिकारियों से अभियान को सफल बनाने के लिए समर्पित प्रयास करने की अपील की। शुभारंभ कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री असरफ अंसारी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अभिषेक गढेवाल समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाइक सवार बदमाश महिला का पर्स छीनकर भागे

**रायपुर।** बाइक सवार अज्ञात दो युवकों ने स्कूटी सवार महिला के पर्स छीनकर भाग निकले। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया पुष्पलता देवांगन 35 वर्ष ओम विहार महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर की रहने वाली है। प्रार्थिया अपनी सास के साथ स्कूटी से जा रही थी, तभी गोल्डन टावर के सामने अमलीडीह में बाइक सवार दो युवक पीछे से आए और महिला के हाथ से पर्स छीनकर भाग निकले। चोरी गए पर्स में 2 सोने की झूमका व मोबाइल फोन था। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आररोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## घर से सोने के जेवर पार

**रायपुर।** हीरापुर वीर सावरकर नगर स्थित मकान से अज्ञात चोर सोने का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी जीतेन्द्र प्रसाद 36 वर्ष हीरापुर वीर सावरकर नगर का रहने वाला है। थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके मकान में प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने का जेवर पार कर दिया।

# व्यापारियों और नगर पालिका प्रशासन के बीच बैठक संपन्न



**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा कार्यालय में व्यापारियों और पालिका प्रशासन के बीच गुमास्ता एक्ट के अनुपालन और अन्य व्यापारिक मुद्दों पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा, इंजीनियर आलोक चक्रधारी, माहेश्वरी पैकरा आर.आई., शशि भूषण श्रीवास्तव ,राज किशोर सिंह, महमूद हसन, नीरज गुप्ता, दीपक शर्मा, हरिनारायण अग्रवाल, संजय शर्मा, मंटू जैन, आशीष जैन , सत्यनारायण मोदी,राज किरण परमार, प्रमोद कुमार ,नवीन मोदी ,दिलीप मुदली सत्यदेव, सानू राय,आफताब अंसारी केवल चंद्र परमार सोनू बरेलिया सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व की भांति हर महीने की 15 तारीख से 30 तारीख के बीच पड़ने वाले दो बुधवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ ओझा ने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे अपनी दुकानों का कचरा सड़क पर न फेंकें और नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क पर कचरा फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि दुकानदार अपने सामान को दुकान के अंदर ही रखें और सड़क पर सामान न रखें। सड़क से एक मीटर की दूरी तक खाली स्थान रखना अनिवार्य होगा। यदि इस नियम का उल्लंघन किया गया तो प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में व्यापारियों ने प्रशासन के सुझावों का स्वागत किया और नगर की स्वच्छता व यातायात सुगमता बनाए रखने में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### गुमास्ता एक्ट का होगा पालन

## साढ़े 8 लाख की ठगी

**रायपुर।** शेयर मार्केट में पैसा लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साढ़े 8 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

# बेहतर समाज के निर्माण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता

### ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी ने आयोजित किया सेमिनार



**चरचा कालरी।** गत दिवस ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के द्वारा स्व. डॉ. रामचंद्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र बैकुंठपुर कोरिया में एक बेहतर समाज के निर्माण में विज्ञान व वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी काआयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुश्री पूजा शर्मा राज्य प्रभारी ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी छत्तीसगढ़ रही। अतिथि के रूप में श्रीमति ताहिरा बानो (शिक्षिका) उपाध्यक्ष ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया तथा श्री अमरनाथ सिंह (शिक्षक) सलाहकार समिति सदस्य ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया रहे। इस कार्यक्रम को संचालित करते हुए ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के जिला संयोजक श्री कमल डडसेना (व्याख्याता) ने छात्र छात्राओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण लाने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि आज विज्ञान तकनीकी के क्षेत्र में उन्नत होने के बावजूद लोगों वैज्ञानिक सोच का अभाव है जिसके कारण आज लोग अंधविश्वास के शिकार होकर गुमराह हो जाते हैं। उन्होंने कहा समाज में दो प्रकार के चिंतन धारा हैं एक वस्तुवादी चिंतन जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित हैं दूसरा भाववादी चिंतन जो अंधविश्वास पर आधारित है। वस्तुवादी चिंतन कहता है पहले प्रश्न करो फिर विश्वास करो। भाववादी चिंतन कहता है पहले विश्वास करो फिर प्रश्न करो। आज जितना विज्ञान का विकास हुआ है वो प्रश्न करके ही उत्तर ढूंढने की प्रक्रिया में हुआ है। लेकिन आज लोगों में प्रश्न करने, लॉजिक लगाने की, तर्क करने की क्षमता खत्म हो गई है जिसके कारण लोग अंधविश्वास के शिकार हो जाते हैं। इस कार्यक्रम में विज्ञान कार्यकर्ता ललित, टिया,संध्या, मेघा और सागर के द्वारा अंधविश्वास से संबंधित कुछ प्रयोग करके छात्र छात्राओं को जागरूक किया। मुख्य वक्ता सुश्री पूजा शर्मा ने कहा कि कुछ तथाकथित लोग समाज में अंधविश्वास फैला रहे हैं उन्होंने विज्ञान और नैतिकता को एक दूसरे की परिपूरक बताते हुए कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध में जब अमेरिका द्वारा जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहर पर परमाणु बम गिराने से लाखों लोगों की मृत्यु हुई थी तो इस घटना के जिम्मेदार महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टाइन ने अपने आपको मानते हुए घर के एक कोने में जाकर रोते है और कहते हैं कि मैने जो विज्ञान में खोज किए उसी के कारण ये घटना हो पाया। उन्होंने कहा विज्ञान का दुरूपयोग अपने स्वार्थों के लिए कोई और करता है लेकिन दोषी विज्ञान को समझा जाता है। उन्होंने कृषि के जनक एम एस स्वामीनाथन जो वैज्ञानिक पद्धति और वैज्ञानिक सोच का इस्तेमाल का कृषि को उन्नत किया उनके तकनीक को अपनाने के लिए कृषि के छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कहा आज विज्ञान और वैज्ञानिक सोच को अपनाकर हम सत्य तक पहुंच सकते हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. डी. के. गुप्ता, अधिष्ठाता डॉ. राहुल आर्य, सहायक प्राध्यापक, श्रवण यादव, सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष ,डॉ. एस. के. सिंह, सहायक प्राध्यापक,डॉ. एस. के. घृतलहरे, सहायक प्राध्यापक,डॉ. संदीप नवरंग, शिक्षक डॉ. जान्हवी, शिक्षीका डॉ. विशाखा, शिक्षीका, अंकुर गुप्ता, शिक्षक डॉ. रोहित, शिक्षक, उत्तर बारीक, शिक्षक,सुश्री ममता, शिक्षीका, पी. के.ध्रुव, श कौशल कुमार सहित समस्त छात्र छात्राये उपस्थित रहें। अंत में डॉ संजय कुमार सहा. प्राध्यापक के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# बेमोल जिंदगी : ट्रैक्टर में लोड मिक्सर मशीन, हो रहा सफर

### नियम कानून को ठेंगा दिखाने की बेजा हरकत

**कोरबा ।** 42 वा सड़क सुरक्षा मांह 31 जनवरी तक मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम करते हुए लोगों को बताने की कोशिश की जा रही है कि सड़क पर चलने के दौरान किस प्रकार से नियम कानून का पालन करना जरूरी है और उपेक्षा करने के क्या नतीजा हो सकते हैं। लगातार जागरूकता का वातावरण निर्माण करने के बावजूद कोरबा जिले में नियम तोड़ने के उदाहरण सामने आ रहे हैं। कोरबा उरगा रोड पर कुछ लोगों को दोस्त साहसिक अंदाज में देखा गया जो ट्रैक्टर पर लोड मिक्सर मशीन में चढ़कर सफर करते नजर आए। अपनी तस्वीर कैमरे में कैद होने पर ट्रैक्टर चालक और लोगों ने सफाई दी कि इस प्रकार का काम पहली बार किया गया है।

1 जनवरी से 31 जनवरी तक कोरबा जिले में ट्रैफिक पुलिस अभियान चल रही हैं जिसके अंतर्गत स्कूल, कॉलेज, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और चौक चौराहों पर कैंपेन करते हुए लोगों को बताने की कोशिश की जा रही है कि ट्रैफिक रूल्स उनके लिए क्यों जरूरी है और जरा सी भी मनमानी किस कदर महंगी पड़ सकती है। अभियान के अलग-अलग सोपान में पूरा फोकस इसी बात पर है कि ट्रैफिक रूल्स वाहन चालकों के साथ-साथ लोगों के लिए काफी मायने रखते हैं और उन्हें हर हाल में इसका पालन करना है । लेकिन बहुत सारे लोगों को ऐसे अभियान से कोई लेना-देना नहीं है और वह अपनी मनमानी पर उतारू है। जिले में बढ़ते सड़क हादसों



को रोकने यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह चलाया जा रहा है,जहां पुलिस द्वारा अभियान चलाकर लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है। इतना ही नहीं कार्रवाई का डंडा भी चलाया जा रहा है। बावजूद इसके नियमों का उल्लंघन करने से बाज नहीं आ रहे है। कोरबा-उरगा मार्ग पर ऐसा ही नजारा देखने को मिला जहां पर मिक्चर मशीन को ट्रेक्टर से जोड़ दिया गया ,और उस पर लोगों को बिठाकर परिवहन किया जा रहा है,जिससे हादसों की आशंका काफी बढ़ गई है। मीडिया ने इस नजारे को देखा और इसके वीडियो तैयार करने के साथ गाड़ी को रुकवाया। ट्रैक्टर चला रहे चालक और उसमे बैठे लोगों से इस बारे में पूछताछ की गई तो उन्होंने उदासीनता से भरा जवाब दिया। उनका तर्क था कि पास में ही काम करने जा रहे हैं इसलिए दूसरी गाड़ी की सवारी करने का मतलब रुपए खर्च करना है इसलिए मजदूरों को मिक्सर मशीन में ही बैठा लिया गया है। क्या ऐसा करना जोखिम से भरा नहीं है? यह पूछने पर मजदूरों का जवाब था- उनके लिए यह नई बात नहीं है बल्कि वे जहां कहीं भी काम करने जाते हैं यही तरीका अपनाते हैं। ऐसा करने से समय बच जाता है और रुपए भी। लेकिन इतना जरूर है कि इस तरह के सफर में जोखिम तो रहती है और फिर डर भी बना रहता है कि कोई पीछे से आकर ठोक ना दे। बातचीत के दौरान लोगों ने इस बात को स्वीकार किया कि इस प्रकार की हरकतें उचित नहीं ठहराए जा सकती लेकिन वह मजबूरी बस ऐसा करते हैं। लोगों ने यह भी बताया कि कई बार मुख्य मार्ग पर चलने के दौरान हादसे हो चुके हैं और इसकी उन्हें जानकारी है।

कोरबा जिला सड़क हादसों की नगरी बन चुका है। जहां रोजाना होने वाले हादसों में लोग हताहत हो रहे है,यही वजह है,कि यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा माह चलाकर लोगों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। बावजूद इसके लोग नियमों का पालन करने को लेकर गंभीर नहीं है।

### केवल फिटनेस जांच तक सीमित है परिवहन विभाग

4 महीने पहले कवर्धा जिले में पिक अप में 25 से अधिक लोग सफर कर रहे थे जिनमें 9 पहाड़ी कोरबा की दुर्घटना में मौत हो गई थी। चढ़ाई वाले रास्ते पर आवागमन के दौरान पिकअप खाई में गिर गया था। इस घटना के बाद प्रदेश भर में अभियान चलाया गया था और भारी वाहनों में यात्रियों को लाने ले जाने पर कार्रवाई की गई थी। 15 दिन तक अभियान चलाने और पेनाल्टी करने के बाद सब कुछ ठंड पड़ गया। कोरबा जिले में परिवहन विभाग का यही हाल है जो मौका देखकर इस प्रकार के मामलों में कार्रवाई करता है। लोगों को याद है कि शैक्षणिक सत्र शुरू होने और बीच में कुछ मौका पर परिवहन विभाग स्कूल बसों और अन्य गाड़ियों की फिटनेस जांच करने के लिए कैंपेनिंग करता है और भारी भरकम पेनल्टी वसूल करता है। उसके बाद जिले में क्या कुछ चल रहा है इससे उसे कोई मतलब नहीं रहता है।

## एक के बाद एक पलटे तीन वाहन, जनहानि नहीं

**कोरबा।** सड़क हादसों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा। रोजाना हादसे हो रहे हैं और रोज लोग घायल हो रहे है। उरगा और कनकी के बीच कुदुरमाल पुल के उपर एक के बाद एक तीन भारी वाहन पलट गए। हादसे में किसी तरह की जनहानी तो नहीं हुई है,लेकिन वाहन में मौजूद राख और गिट्टी के सड़क पर फैलाव होने के कारण जाम की स्थिति निर्मित जरुर हो गई।

कोरबा शहर की सड़कों पर दौड़ने वाले भारी वाहनों के कारण लगातार हादसे हो रहे है। वाहनों की रफ्तार अधिक हाने के कारण इस तरह की स्थिती निर्मित हो रही है। उरगा थानांतर्गत कुदूरमाल पुल के उपर बीती रात तीन ट्रक एक के बाद एक पलट गए। बताया जा रहा है,कि अकलतरा से गिट्टी लेकर कोरबा आ रही ट्रक पुल के उपर पलट गई,जिससे गिट्टी का बिखराव सड़क पर हो



गया। हादसे के बाद पुल पर रास्ता संकरा हो गया। एक एक कर संकरे रास्ते से वाहन निकलने लगी,इसी बीच राख लोड दो ट्रक भी मौके पर पलट गई और राख सड़क पर बिखर गया। सुबह जब ग्रामीणों ने इस नजारे को देखा तो उनके होश उड़ गई। हादसे के कारण मार्ग पर लंगा जाम लगा हुआ था। इस दुर्घटना में किसी तरह की जनहानी तो नहीं हुई है लेकिन आने जाने में लोगों को काफी परेशान होना पड़ा।

मुख्य मार्ग पर मौजूद पुल के उपर जिस तरह से वाहन हादसे का शिकर हुए हैं उससे बुधवार की सुबह तक जाम लगा हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को मार्ग से हटाया तब जाकर लोगों ने रात की सांस ली और मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी।

### भाजपा कोरग्रुप की बैठक में होंगे नाम तय

**कोरबा।** आज जिला भाजपा कोरग्रुप की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें नगर पालिक निगम अंतर्गत वार्ड के प्रत्याशियों के नाम तय किए जाएंगे। मंडल के अध्यक्षयों ने कल बैठक बुलाकर पेनल तैयार कर लिए थे। आज की बैठक में मंडल से आए नामों पर विचार विर्मश किया जाएगा। नगर पालिक निगम अंतर्गत आने वाले कोरबा कोसाबाड़ी बाल्को सर्वमंगला नगर दर्री के अध्यक्ष के द्वारा नाम भेजे गए है। जबकि कल कटघोरा में प्रभारी हर्षिता पाण्डेय के द्वारा सभी वार्डो पर चर्चा करते हुए नाम तय करने के बाद आखिरी में चयन समिति की बैठक बुलाई गई। इस चयन समिति की बैठक में नगर पंचायत छुरी व नगर पालिका परिषद कटघोरा के वार्डो से नाम आए दावेदारों का पेनल तैयार कर दिया गया। अब नामों की घोषणा होनी बाकी है।

### रेलिंग लगाने की मांग

**कोरबा।** एसईसीएल रजगामार गोढ़मा नाले की दोनों ओर रेलिंग नही लगा है। कोयला कामगार इस मार्ग के ऊपर से आते जाते है। गंभीर हादसा होने की संभावना को देखते हुए एसईकेएमसी के रामनाथ कश्यप ने प्रबंधन को पत्र लिखा है।

## बंद सिंघाली खदान को चालू करने का आश्वासन

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व स्थित सिंघाली खदान कुछ महीने पहले से बंद पड़ा हुआा है। यहां के कर्मचारियों को अन्यंत्र स्थानातरण कर दिया गया है। कल एसईसीएल प्रबंधन और एसकेएमएस के मध्य वार्ता हुई। जिसमें सिंघाली खदान को पुनः चालू करने का आश्वासन दिया। इसी तरह सुराकछार व बल्गी खदान पर भी चर्चा हुई। इन खदानों को भी चालू करने विचार किया जाएगा। एसकेएमएस के कोरबा एरिया अध्यक्ष मनीष सिंह कार्यवाहन अध्यक्ष सुभाष सिंह व महामंत्री धर्मा राव ने ओवर मेंन्ट सहित अन्य कर्मचारियों के पदोन्नति के मामले को जोरशोर उठाया। ज्ञातव्य है कि एसकेएमएस ने मांग पत्र सौंपते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी। इस मांग पत्र पर अलग से ईकाईयों में चर्चा की गई। बगदेवा ढेलवाडीह सिंघाली की समस्याओं को सुरेश श्रीवास ,सूर्यकांत, ऋषभसिंह , संजय सिंह, प्रमोद धर दीवान, भूनेन्द्र व विनोद ने प्रबंधन के सामने रखा । इन क्षेत्रों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए मांगो को मान लिया गया। इसी तरह मानिकपुर व रजगामार में कमर बक्स,प्रकाशचंद्र जय मुखर्जी, उज्जवल बनर्जी राजू श्रीवास्तव ने प्रबंधन के साथ वार्ता की। यहां भी कई मांगों को मान लिया गया। एरिया स्तर की वार्ता में सरईपाली व बंद पड़े खदानों पर चर्चा की गई । अधिकांश मांगो को मांग लिए जाने के बाद एसकेएमएस ने अपना आंदोलन वापस ले लिया।

## एक्यूप्रेशर पथ बनाने मिला श्रमिक संगठनों का समर्थन

**कोरबा।** एसईसीएल ढेलवाडीह कालोनी में आमजनों के लिए एक्यूप्रेशर पथ बनाने की मांग एसईकेएमसी के द्वारा की गई थी। ढेलवाडीह प्रबंधन के पास मांग पत्र रखा गया था। कोरबा एरिया प्रबंधन को भी प्रस्ताव आया था। लेकिन अभी तक एक्यूप्रेशर पथ का निर्माण नही हो सका है। इस संबंध में एसईकेएमसी के अशोक सिंह का कहना है कि अन्य संगठनों से भी समर्थन मिल रहा है। श्रमिक संगठन के नेताओं से भी कहा गया है ।ढेलवाडीह में एक्यूप्रेशर पथ बनने से सभी लोगों को लाभ मिलेगा।

### प्रतिष्ठा दिवस पर शोभायात्रा आज

**कोरबा।** अयोध्या में राममंदिर निर्माण के एक वर्ष पूरा होने पर कोरबा जिले में भी कई स्थानों पर अलग-अलग शोभायात्रा निकाली जा रही है। धर्मसेना के कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणजन ग्राम तिवरता में शोभायात्रा निकालेंगे। हरीश थरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा की व्यापक तैयारी की गई है। ग्राम बिरदा में भी आज शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें आसपास के गांव के लोगों को बुलाया गया है। दिनेश राठौर शोभायात्रा की तैयारी पहले से ही की जा रही थी। ग्रामीणजनों में शोभा यात्रा को लेकर व्यापक उत्साह है।

## नए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण, एक साथ मिलेगा 3 महीने का चना

### उपभोक्ताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं

**कोरबा।** कोरबा जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को चना के मामले को लेकर अब चिंता नहीं करना चाहिए। पिछला टेंडर समाप्त होने के बाद नए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। आगे कार्यदेश के आधार पर सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन उचित मूल्य की दुकानों के लिए आवंटन जारी करेगा । इसके साथ उपभोक्ताओं को चना की शेष मंत्र का वितरण कर दिया जाएगा, जो 3 महीने की है।

जिला खाद्य अधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि कोरबा जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 413 दुकान संचालित हो रही हैं। इनमें से 113 दुकानों में उपलब्धता के आधार पर उपभोक्ताओं को चना का वितरण नवंबर से लेकर अब तक किया गया है जबकि बाकी दुकानों में चना की प्राप्ति नहीं होने से वितरण किया जाना संभव नहीं हो सका। इसे लेकर उपभोक्ता लगातार पूछताछ कर रहे हैं और उन्हें इसके हिसाब से जवाब मिल रहा है। इस मामले में कई प्रकार की भ्रांतियां उपभोक्ताओं को हो सकती हैं। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में चना आपूर्ति के लिए पिछला टेंडर हुआ था जो समाप्त हो गया और नए सिरे से नवंबर में प्रक्रिया की गई जो पूरी हो चुकी है। संभव है कि फरवरी या मार्च तक इसके सापेक्ष सरकार की ओर से आवंटन की कार्यवाही की जाएगी और इसके अनुसार छत्तीसगढ़ सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन चना का वितरण सार्वजनिक उचित मूल की दुकानों को करेगा। ऐसा होने पर उपभोक्ताओं को 3 महीने के चने की लंबित मात्रा का वितरण कर दिया जाएगा।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि यह पहला अवसर नहीं है जब खाद्यान्न वितरण के मामले में इस प्रकार की स्थिति निर्मित हुई है। तकनीकी कर्म से पहले भी इस प्रकार के हालात निर्मित हुए हैं और स्थिति सामान्य होने पर उपभोक्ताओं को लेप्स हुई मात्रा का वितरण पीडीएस दुकानों की ओर से कर दिया गया। इसलिए मौजूदा स्थिति में उपभोक्ताओं को चना की शेष क्वांटिटी पाने के लिए चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

### डीटीओ कार्यालय के पास सात दुकानों को बनाया निशाना

**कोरबा।** शातिर चोरों ने पिछली रात जिला परिवहन कार्यालय परिसर में संचालित हो रही 7 दुकानों को टारगेट करते हुए कई सामान पार कर दिया। इनमें लोकसेवा केन्द्र से लेकर स्टेशनरी, डेली नीड्‌य और अन्य दुकाने शामिल है। दिन भर काम करने के बाद संचालक रात को दुकान बंद कर घर चले गए। आज सुबह उन्होंने यहां पहुंचकर देखा तो सिर पीट लिया। सिविल लाईन पुलिस थाना क्षेत्रातंगर्त हुई इस घटना ने नाईट पेट्रोलिंग के दावों की हवा निकालकर रख दी।



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में कई नजारे देखने को मिल रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता राजू सोनी ने इस क्षेत्र का अवलोकन किया।

## स्व सहायता समूह ने बालको संयंत्र में चालू किया फूड वेन

**कोरबा।** बालको, उन्नति परियोजना के अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं ने संयंत्र परिसर के अंदर फूड वैन लगाया है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में फीता काटकर फूड वैन का उद्घाटन किया। वैन पर स्नैक्स, मैगी सैंडविच, पोटैटो फ्राई, रोल्स, बिरयानी, शेक और कोल्ड कॉफी इत्यादि उपलब्ध है जो सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से 4 बजे तक खुला रहेगा। कर्मचारी भी घर के स्वाद का अनुभव पाएंगे। फूड वैन एसएचजी की चार महिलाएं मिलकर संचालित कर रही हैं।

वर्तमान में प्रोजेक्ट उन्नति के तहत छत्तीसा माइक्रो एंटरप्राइज छत्तीसगढ़ के पारंपरिक स्नैक्स, हस्तनिर्मित चॉकलेट, आउटडोर कैटरिंग सेवा, कुकीज, अचार, पापड़, बड़ी, पपची, खाजा, ठेठरी और केक के साथ टिफिन सेवाएं प्रदान कर रहा है। परियोजना के जरिए महिलाओं को विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन बनाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण प्रदान गया है



जो उन्हें आजीविका प्राप्त करने और खुद के पैरों पर खड़े होने में सहायक बना।

प्रोजेक्ट उन्नति का उद्देश्य महिलाओं को स्व सहायता समूह में शामिल करने और उन्हें सशक्त बनाने तथा उद्यमिता और स्थायी आजीविका के निर्माण के लिए उनकी क्षमताओं और कौशल को निखारने पर केंद्रित है। 500 से अधिक एसएचजी, जिनमें 5,800 से अधिक महिलाएं शामिल हैं, जो परियोजना के विभिन्न प्रशिक्षण मॉड्यूल से लाभान्वित हो रही हैं। परियोजना के जरिए महिलाओं को अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है जो उन्हें आजीविका प्राप्त करने और खुद के पैरों पर खड़े होने में सहायक बना। परियोजना को वर्तमान में जीपीआर स्ट्रैटेजीज एंड सॉल्यूशंस के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है, जो सामुदायिक और सामाजिक सेवाओं के लिए समर्पित एक गैर-सरकारी संगठन है।

## शिकसा कैलेंडर का डीईओ ने किया विमोचन



**कोरबा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी जिला कोरबा के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन जिला शिक्षा अधिकारी ताम्रेश्वर उपाध्याय के कर कमलों से हुआ। वार्षिक कैलेंडर प्रदेश संयोजक व संस्थापक डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' के निर्देशन व प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल के मार्गदर्शन और जिलाध्यक्ष डॉ. गीता देवी हिमधर के कुशलता पूर्वक कार्य में तैयार बहुत ही उपयोगी है। जिसमें सामान्य अवकाश, एच्छिक अवकाश , स्थानीय अवकाश और हेल्पलाईन नंबर का उल्लेख है। कैलेंडर विमोचन में जिलाध्यक्ष डॉ. गीता देवी हिमधर महासचिव रामनारायण प्रधान, जिला प्रवक्ता डॉ जनन्नाथ हिमधर, व्लाक प्रवक्ता जगजीवन कैवर्त, सचिव (साहित्य) मनोज प्रधान, सचिव (संस्कृति) श्रीमती विमला भास्कर सहित पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### जिले के खिलाड़ियों ने मेडल जीते

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्तर की कराटे खेल प्रतियोगिता में एक बार फिर से कोरबा के खिलाड़ियों ने जिले का नाम रौशन किया है। मुंबई के अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित नेशनल कराटे खेल प्रतियोगिता में जिले के 9 में से 9 खिलाड़ियों में मेडल जीतने में सफलता पाई है। जिनमें से 6 खिलाड़ियों स्वर्ण,तीन खिलाड़ियों ने रजत और दो खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीता है। छत्तीसगढ़ से 25 खिलाड़ियों का दल मुंबई गया था,जहां सभी खिलाड़ियों ने पदक जीतकर प्रदेश का नाम रौशन किया। इस प्रतियोगिता में करीब 15 राज्यों के दो हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था,जिनमें से कोरबा सहित छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com